


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25




वर्ष- 15 अंक - 195 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 29 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

# मालवाहक वाहन में सवारी, सड़क किनारे ट्रक से भिड़ंत, अब तक 9 लोगों की मौत

## पारिवारिक कार्यक्रम से पिकअप पर सवार होकर लौट रहे थे गांव, सीएम साय ने जताया दुःख

श्रीकंचनपथ



**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में बीती राज बड़ा हादसा हो गया। पारिवारिक समारोह से लौट रहे पिकअप में सवार लोगों की गाड़ी सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इसमें 9 लोगों की मौत हो गई। वहीं हादसे में 23 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन बच्चे भी शामिल हैं। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुची पुलिस ने रेस्क्यू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर अपनी संवेदना जताई है।

मिली जानकारी के अनुसार हादसा बेमेतरा थाना इलाके के कठिया गांव में पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सड़क के किनारे खड़े मिनी ट्रक से पिकअप टकराई। यह दुर्घटना रविवार देर रात लगभग 2 बजे के बाद कठिया गांव के पास हुई। तिरैया गांव में एक पारिवारिक समारोह में शामिल होने के बाद सभी मालवाहक वाहन में सवार होकर अपने गांव पथर्रा लौट रहे थे लौट रहे थे। इस दौरान सड़क किनारे खड़े मिनी ट्रक से टकराई और अफरा तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि पिकअप में करीब 35 से ज्यादा लोग सवार थे। लौटते वक्त रात में सामने से आ रहे वाहन की लाइट के कारण पिकअप चालक को सड़क पर खड़ा ट्रक नजर नहीं आया और हादसा हो गया। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीणों की मदद से सभी को घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसे में मरने वालों में भूरी निषाद (50), नीरा साहू (55), गीता साहू (60), अगनिया साहू (60), खुशबू साहू (39), मधु साहू (5), रिकेश निषाद (6), ट्विंकल निषाद (5) और टिकेश्वरी निषाद(5) के रूप में हुई है। वहीं इस हादसे में घायल 23 लोगों को दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिमगा थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे ने बताया कि कि 11 घायलों को बेमेतरा जिला अस्पताल ले जाया गया। अघनिया बाई (62), मधु साहू (35), खुशबू साहू (7) टिकेश्वरी निषाद (5) और ट्विंकल निषाद (5) दो जुड़वा बहनों के शवों को सिमगा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया है। 4 गंभीर घायलों को रायपुर एम्स भेजा। इनमें से एक की हालत गंभीर है। उसके सिर पर चोटें हैं, जबकि अन्य 3 के शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं।

### घायलों से मिलने कलेक्टर, एसपी व विधायक पहुंचे अस्पताल

घटना की जानकारी मिलते ही बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा, एसपी रामकृष्ण साहू और स्थानीय विधायक दीपेश साहू जिला अस्पताल पहुंचे। हादसे में धायल लोगों से मिले और उनका हाल जाना। इस मौके पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हम मृतकों के परिजनों के साथ हैं। घायलों का बेहतर इलाज मिले इसके लिए अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया गया। वहीं मृतकों के परिजनों व घायलों के इलाज के लिए प्रशासन हरसंभव मदद करने का प्रयास कर रहा है।



### मुख्यमंत्री साय ने जताया दुःख

हादसे की सूचना के बाद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दु:ख जताया है। उन्होंने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा है कि बेमेतरा-सिमगा सीमा क्षेत्र के पास कठिया गांव में हुई सड़क दुर्घटना में बेमेतरा के पथर्रा गांव के 8 लोगों के निधन एवं 20 लोगों के घायल होने की दु:खद सूचना प्राप्त हुई है। घायलों के बेहतर इलाज के आवश्यक निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए है। मृतकों के परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदना एवं घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

## खास-खबर

### गृहमंत्री अमित शाह का एडिटेड वीडियो वायरल, दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**नईदिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आरक्षण रद्द करने वाले भाषण एक एडिटेड वीडियो एक्स सहित अन्य सोशल मीडिया साइट्स पर वायरल हुआ है। इस मामले में केन्द्रीय गृहमंत्रालय व भाजपा की शिकायत पर वीडियो पोस्ट करने वाले लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफ्आईआर दर्ज की है। 27 अप्रैल को तेलंगाना कांग्रेस की ओर से यह वीडियो शेयर किया गया। इस वीडियो में शाह एससी-एटी और ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी क्क्षञ्ज के फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है।

इस एडिटेड वीडियो को फैलाने को लेकर एक शिकायत भाजपा की ओर से की गई थी, जबकि दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय की तरफ से की गई थी। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने देशभर में स्नढ्ढक्र दर्ज करने का फैसला किया है। भाजपा ने शिकायत में कहा कि अमित शाह ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण खत्म करने को लेकर कोई बात नहीं की है। जो वीडियो वायरल किया जा रहा है वह फर्जी है। भाजपा ने आरोप लगाया कि मूल वीडियो में अमित शाह ने तेलंगाना में मुसलमानों के लिए असंवैधानिक आरक्षण हटाने की बात कही थी। इस मामले में भाजपा के आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने 27 अप्रैल को तेलंगाना कांग्रेस की ओर से शेयर किए गए इस फेक वीडियो को एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना कांग्रेस एडिटेड वीडियो फैला रही है, जो पूरी तरह से फेक है। इससे बड़े पैमाने पर हिंसा होने की आशंका है। उन्होंने आगे कहा कि यह फर्जी वीडियो कई कांग्रेस नेताओं ने शेयर किया है, अब वे कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इधर दिल्ली पुलिस ने गृहमंत्री के एडिटेड वीडियो को लेकर एक्स और फेसबुक को लेटर लिखा है। साथ ही दोनों सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जानकारी मांगी है कि ये एडिटेड वीडियो किस अकाउंट से पोस्ट किया गया है।

### पति की मौत से दुखी पत्नी ने भी दे दी जान

**बिलासपुर।** सप्ताहभर पहले सड़क हादसे में हुई पति की मौत से दुखी पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी। पुलिस के मुताबिक, सरकंडा थाना के गीतांजलि सिटी में रहने वाले रविशंकर ने दो साल पहले पूजा सिंह से प्रेम विवाह किया था। रविशंकर किसी काम से 20 अप्रैल को जांजगीर गया था, जहां सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से पूजा दुखी रहने लगी थी। इस बीच सास और ननद के साथ उसका विवाद हुआ, जिसके बाद अपने कमरे में जाकर उसने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी ईहलीला समाप्त हो गई। मृतका पूजा के माता-पिता ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना का आरोप लगाया है।

### नौकरी लगाने के नाम पर ऐठ लिए 63 लाख

**मनेन्द्रगढ़।** कभी पैसे डबल करने या कभी बड़ा इनाम जीतने का झांसा देकर प्रदेश में लम्बे समय से ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जाता रहा हैं। वहीं नौकरी लगाने के नाम पर भी बड़े पैमाने पर भोले-भाले लोगों की पसीने की कमाई पर डाका डाला जा रहा हैं। ताजा मामला मनेन्द्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी जिले का है। यहाँ एक व्याख्याता ने नौकरी लगाने के नाम पर करीब 28 लोगों से 63 लाख रुपए की ठगी को अंजाम दिया हैं। आरोपी व्याख्याता केल्हारी के शासकीय स्कूल में पदस्थ हैं। शिकायत के बाद आरोपी व्याख्याता के खिलाफमामला दर्ज कर लिया गया हैं।

### 1 मई को आ जाएगी महतारी वंदन की राशि

**रायपुर।** महतारी वंदन योजना की तीसरी किस्त की एक-एक हजार की राशि लाभार्थी महिलाओं के खाते में 1 मई को जमा की जाएगी। राज्य की 70 लाख से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा हैं। लाभार्थी महिलाओं को योजना की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी। महिला व बाल विकास विभाग ने तीसरी किस्त की तैयारी शुरू कर दी हैं। जिसके तहत लगभग 700 करोड़ रुपए के राशि की डीबीटी के जरिए अंतरित की जाएगी।

# दो चरणों का मतदान किसके पक्ष में?

## ■ हिसाब-किताब लगाने में जुटे भाजपा व कांग्रेस ने किया अपनी जीत का दावा
## ■ अब निगाहें तीसरे चरण पर

श्रीकंचनपथ न्यूज डेस्क



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में दो चरणों का मतदान निपटने के बाद राजनीतिक दल गुणा-भाग लगाने में जुट गए हैं। भाजपा व कांग्रेस दोनों ने ही अपनी-अपनी जीत के दावे किए हैं। वहीं अब 7 मई को होने जा रहे तीसरे चरण के मतदान पर भी सबकी निगाहें हैं। राज्य में पहले चरण में 1 और दूसरे चरण में कुल 3 सीटों पर वोटिंग हुई है। अब तीसरे दौर में बाकी बची 7 सीटों पर मतदान होना है। दूसरे चरण के बाद भाजपा प्रदेश कार्यालय में जिस तरह से आतिशबाजी की गई, वह भाजपाइयों का उत्साह बयां करता है, जबकि कांग्रेस ने भी दोनों चरणों की 4 सीटें जीतने का दावा किया है। अधिक वोटिंग को भी सत्ता विरोधी रूझान बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि दूसरे चरण की 3 सीटों पर कुल 76.24 फीसद मतदान हुआ। जबकि 2019 के चुनाव में 74,.95 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार 1.29 फीसद अधिक मतदान हुआ है। सबसे ज्यादा वोटिंग राजनांदगांव में 77.42 फीसद हुई। कांकेर में 76.23 और महासमुंद में 75.02 फीसद मतदान हुआ। तीनों सीटों पर मतदाताओं का फैसला अब ईवीएम में कैद हो चुका है। लेकिन जीत-हार के दावे-प्रतिदावे जरूर चल रहे हैं। दूसरे चरण के मतदान के बाद सामने आ रहे मतदान प्रतिशत के आधार पर भाजपा अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। भाजपा नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में जमकर आतिशबाजी की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि इस बार भाजपा 400 पार का लक्ष्य अर्जित करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनना तय है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दावा किया कि बस्तर के बाद अब कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा की जनता-जनार्दन ने पूरे छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है। साव ने कहा कि शुक्रवार को मतदान के दूसरे चरण में मतदान का प्रतिशत भाजपा के लिए काफी उत्साहजनक हैं और भाजपा का यह विश्वास फलीभूत होने जा रहा है कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफहो रहा है।

दूसरी ओर कांग्रेस ने भी पहले और दूसरे चरण की वोटिंग को अपने पक्ष में बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं का रुझान कांग्रेस के प्रति साफ दिखा। भीषण गर्मी में लोग बदलाव करने के लिए घरों से निकल कर वोट डालने आए। पहले और दूसरे चरण के बाद कांग्रेस पार्टी का पूरा फोकस तीसरे चरण की सात सीटों पर है। बैज के मुताबिक, तीसरे चरण की सातों सीटों में भी कांग्रेस के उम्मीदवारों के पक्ष में बेहतर माहौल दिख रहा है। पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद राजनीतिक दलों ने भी गुणा-भाग करना शुरू कर दिया है और लोगों के मन को टटोलना भी शुरू कर दिया है। हालांकि मतदाताओं का मन ईवीएम में कैद हो चुका है और चार जून को परिणाम बताएगा कि मतदाताओं ने इस बार किस प्रत्याशी पर भरोसा जताया है।

### राष्ट्रवाद और मोदी की गारंटी की चर्चा

दूसरे चरण की वोटिंग के बाद मतदाताओं के बीच राष्ट्रवाद और मोदी की गारंटी की चर्चा है। खासतौर पर राम मंदिर का निर्माण और रामलला दर्शन योजना पर मतदाताओं ने अपनी राय रखी है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना भी इस बार के चुनाव में प्रमुख मुद्दा है। दूसरी ओर कांग्रेस की न्याय की गारंटियों पर भी चर्चा हो रही है। भले ही तीनों सीटों पर बड़ी संख्या में उम्मीदवार मैदान में रहे हों, लेकिन प्रमुख मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के ही बीच है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि बस्तर और कांकेर जैसे लोकसभा क्षेत्र में आदिवासियों का बोलबाला है। ऐसे में इस क्षेत्र के मतदाताओं के अपने स्थानीय मुद्दे कारगर हैं मगर महासमुंद और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में लगभग सभी वर्ग के मतदाता होने के कारण यहां स्थानीय और राष्ट्रीय दोनों ही मुद्दे प्रभावी रहे हैं। प्रदेश में पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद अब ये मुद्दे तीसरे चरण के चुनाव में भी कारगर हो सकते हैं।

### 7 विधानसभा में कम हुई वोटिंग

दूसरे चरण में पिछले चुनाव के मुकाबले 1.3 फीसदी अधिक वोटिंग हुई। इसके बावजूद इन लोकसभा क्षेत्रों में आने वाली 7 विधानसभा सीट ऐसी है, जहां पिछली बार की तुलना में मतदान कम हुआ। इनमें से 5 सीट कांग्रेस के और 2 सीट अभी भाजपा के पास है। ऐसे में मतदान के प्रतिशत में हुए बदलाव से राजनीतिक दलों का समीकरण बिगड़ सकता है। यही वजह है कि वोटिंग के बाद कांग्रेस-भाजपा के प्रत्याशी वोटों का हिसाब-किताब करने में जुटे हुए हैं ताकि जीत-हार का आंकलन करने में आसानी हो। हालांकि दूसरे चरण के मतदान के बाद कांग्रेस-भाजपा के नेताओं अपनी-अपनी जीत के दावे करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। अब इन दावों की हकीकत 4 जून को ही जनता के सामने आएगी।

# प्रदेश की इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षत कांति ने वापस लिया नामांकन

## कांग्रेस को लगा बड़ा झटका : भाजपा का रास्ता साफ

श्रीकंचनपथ



**इंदौर।** लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी को एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। ताजा मामले में मध्यप्रदेश के इंदौर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस सीट पर भाजपा व कांग्रेस की सीधी टक्कर थी और कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के नाम वापस लेने पर भाजपा के लिए मुकाबला आसान हो गया है।

बता दें इंदौर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम व भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी के बीच सीधा मुकाबला था। इनके अलावा निर्दलीय व अन्य दलों के प्रत्याशी मैदान में है। नामांकन वापसी के दिन कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम ने नाम वापस लेकर ऐस बम फोड़ा कि कांग्रेस चारों खाने चित हो गई है। अब भाजपा के सामने निर्दलीय और अन्य दलों के अलावा कोई प्रत्याशी नहीं बचा है। भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी के सामने इंदौर में अब कोई बड़ी चुनौती नहीं बची है और इनकी जीत आसान हो गई है। बताया जा रहा है कि नामांकन वापसी के बाद अक्षय कांति बम ने भाजपा प्रवेश कर लिया है। इसे लेकर मध्यप्रदेश के दिग्गज भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गिय ने एक्स हैंडल पर ट्वीट भी किया है।

### सूरत में निर्विरोध चुने गए मुकेश दलाल

इससे पहले सूरत में भी कुछ ऐसा ही घटनाक्रम सामने आया था। सूरत से कांग्रेस प्रत्याशी निलेश कुंभानी का परचा रद्द होने और बाकी 8 निर्दलीय उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद भाजपा प्रत्याशी मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो गए। दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी के तीन प्रस्तावकों ने चुनाव आयोग से शिकायत कर नामांकन पत्र में जाली हस्ताक्षर के आरोप लगाए थे। जांच के बाद चुनाव अधिकारी ने कुंभानी को प्रस्तावकों के साथ बुलाया था, पर वह पेश नहीं कर पाए। इसके बाद चुनाव अधिकारी ने कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द कर दिया।

# 'टॉयलेट' एक राजनीतिक कथा

श्रीकंचनपथ




'टॉयलेट एक प्रेम कथा' तो आपने देखी ही होगी। घर में शौचालय नहीं होने के कारण एक दुल्हन अपने पति पर इतना दबाव बनाती है कि अंततः वह गांव की पंचायत का सिरदर्द बन जाता है। मामला मीडिया में छा जाता है और धीरे-धीरे लोगों को घर पर टॉयलेट बनाने का महत्व समझ में आने लगता है। लोगों को मानना पड़ता है कि यह केवल स्वच्छता का विषय नहीं है। यह मसला महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व आप नेता अलका लांबा ने इस मामले को फिर से उठा दिया है। लांबा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा है कि आचार संहिता के नाम पर उन्हें और एक महिला सांसद को सरकारी गेस्ट हाउस का शौचालय इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी गई। एक भाजपा नेता ने इस आरोप का बड़ा बेतुका सा जवाब दिया है। उन्होंने कर्मचारी का बचाव करते हुए लिखा है कि वह आदेश से बंधा हुआ था। महिला नेताओं को इस बारे में अधिकारियों से बात करनी चाहिए थी। कहा जा सकता है कि यह नेता उस अदने कर्मचारी से बड़ा अहमक था। उन्हें पता भी है कि वो किस विषय पर बात कर रहे हैं? लघुशंका केवल नाम से ही लघु है। और शंका तो यह बिल्कुल भी नहीं है। जब लगती है तो लगती है और इस शंका का निवारण तत्काल करना होता है। पुरुष तो इसके निवारण के लिए कहीं भी गाड़ी रोककर सड़क किनारे ही धोती उठा लेते हैं। पर महिलाएं ऐसा नहीं कर सकतीं। उन्हें कम से कम एक ओट की जरूरत तो होती ही है। इसे समझने के लिए किसी का आईएएस या आईपीएस होना भी जरूरी नहीं है। एक मामूली मजदूर भी इस बात की अहमियत को जानता और समझता है। पीने का पानी और शौचालय के लिए तो फाइव स्टार होटल भी किसी को मना नहीं कर सकते। ऐसा देश में कानून है। वैसे देश स्वच्छता मोड में है। घर-घर शौचालय बन रहे हैं। प्रेस इंफर्मेशन ब्यूरो (पीआईबी) के मुताबिक 2 अक्टूबर 2014 से 13 मार्च 2020 के बीच सरकार ने 10 करोड़, 29 लाख, 21 हजार 674 घरों में शौचालय बनाने हेतु सब्सिडी दी है। आखिर क्यों बनवा रही है सरकार इतने सारे शौचालय? गांव का बच्चा, बूढ़ा और जवान तो खेतों में, नहर या तालाब किनारे जाने का अभ्यस्त था। पर सरकार जानती थी कि यह एक ऐसी सुविधा है जिसकी जरूरत कभी भी पड़ सकती है। शहरों में तो लोग अपने शयन कक्ष में ही अटैच्ड टॉयलेट बनवा लेते हैं।

बिना शौचालय के घरों में महिलाओं, विशेषकर रुग्ण और गर्भवती महिलाओं को अनेक तकलीफों का सामना करना पड़ता है। पर इसी जरूरत को आचार संहिता के नाम पर गौण बना दिया गया। आचार संहिता कोई 'अचार' तो है नहीं कि उसे नींबू का रस डालकर धूप में छोड़ दिया जाए।



## संपादकीय

# कांग्रेस को जीत का भरोसा नहीं है...

भाजपा ने चुनाव की तारीखों को घोषणा के पहले ही यह कह दिया था कि भाजपा 370 सीटें जीतेगी और एनडीए चार सौ प्लस। भाजपा को अपने काम, अपने नेताओं, अपने संगठन पर भरोसा था इसलिए उसने सीटों की संख्या तक बता दी। कांग्रेस अगर जीत रही होती, भाजपा को टक्कर दे रही होती तो वह भी दावा करती हम भी तीन सौ सीट जीत रहे हैं और सरकार बना रहे है। किसी ने कांग्रेस को रोका तो नहीं थी वह तीन सौ सीट जीतने का दावा नहीं कर सकती। हकीकत क्या है कांग्रस जानती है, वह तीन सौ से कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए वह जानती है कि बहुमत भी जुटाना उसेक लिए मुश्किल है। क्योंकि पिछले दो चुनाव में उसकी सीट जीतने की दर दस प्रतिशत है। यानी वह जितने प्रत्याशी पूरे देश में खड़ी करती है, उसमं से दस प्रतिशत ही जीत पाते हैं। यानी कांग्रेस चार सौ प्रत्याशी खड़े करती है वह चालीस पचास सीटें ही जीत पाती है।

> चुनाव हो या खेल हो जीत का भरोसा होने पर ही टीम जीतती है। चुनाव बहुत सारे दल लड़ते हैं,जीतने के लिए लड़ते हैं। जितनी बड़ी पार्टी होती है, जीत का विश्वास भी उतना ही ज्यादा होता है। कोई क्षेत्रीय पा्टी है तो वह अपने राज्य में कितनी सीटें जीतेगी, इसका दावा कर सकती है। कोई राष्ट्रीय पार्टी है तो कम से कम बहुमत का तो दावा कर सकती है।

इस बार तो कांग्रेस बमुश्किल तीन सौ सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए वह कह ही नहीं सकती कि तीन सौ सीटें जीतेगी या बहुमत हासिल करेगी। यही वजह है कि उसकी पूरी कोशिश विपक्ष के साथ मिलकर भाजपा की सीटों की संख्या कम करने की है।यानी कांग्रेस व विपक्ष इस बात से खुश हो सकते हैं कि एनडीए को चार सौ प्ल्स सीटें नहीं जीती। कांग्रस के किसी बड़े नेता का ऐसा कोई बचान नहीं आया है कि कांग्रेस यह चुनाव जीत रही है, कांग्रेस इस चुनाव में बहुंमत पाकर सरकार बनाएगी। कांग्रस नेता यही बयान देते रहे हैं भाजपा 370सीटें नहीं जीत सकती, एनडीए चार सौ सीटें नहीं जीत सकता।,यह चुनाव भाजपा के हाथ से निकल गया है। कांग्रेस के छत्तीसगड़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा लक्ष्य से पिछड़ रही है. सचिन पायलट छत्तीसगढ़ प्रभारी है, उनको यह बयान देना चाहिए की कांग्रेस छत्तीसगढ़ की सभी सीटें जीत रही है। ऐसा कहने की जगह वह कह रहे हैं कि भाजपा अपने लक्ष्य से पिछड़ रही है।यह कैसे छत्तीसगढ़ प्रभारी है, इनको भाजपा के बारे में मालूम है कि भाजपा लक्ष्य से पिछड़ रही है लेकिन कांग्रेस की स्थिति क्या है, उनको पता नहीं है।

कांग्रेस के राहुल गांधी, एम खरगे से लेकर सचिन पायलट तक को पता नहीं है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव मे कितनी सीट जीत रही है। इससे साफ है कि कांग्रस जीतने के लिए चुनाव नहीं लड़ रही है। भाजपा की सीटें कम करने के लिए चुनाव लड़ रही है। यानी कांग्रेस ने पहले से ही हार मान ली है। अगर कांग्रेस जीत रही होती, टक्कर दे रही होती को कहती कि वह भाजपा को इतनी सीटों पर हरा रही है। कांग्रेस तीसरी बार मोदी को पीएम नहीं बनने देगी। इस बार का लोकसभा चुनाव उस समय के चुनाव की तरह है जब कांग्रेस देश की सबसे मजबूत पार्टी हुआ करती थी और विपक्ष उसके सामने कमजोर बिखरा हुआ होता और कांग्रेस की जीत तय होती थी। विपक्ष उस समय यह कहने की स्थिति में नहीं रहता था कि वह कितनी सीटों पर जीत रहा है। यही हाल इस चुनाव में कांग्रेस का है। वह आज यह कहने की स्थित में नही है कि वह किस राज्य में कितनी सीटें जीत रही हैं। कहीं कही कांग्रेस प्रत्याशी जरूर यह दावा कर रहे हैं कि वह पचास हजार मतों से जीत रहे हैं। जैसे कांकेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेश ठाकुर ने पचास हजार मतो से जीतने का दावा किया है , जबकि भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने एक लाख मतों से जीतने का दावा किया है। सच यह है कि इस बार लोकसभा चुनाव कांग्रेस एक पार्टी के रूप में लड़ती नहीं दिख रही है। कहीं कही उसके प्रत्याशी जरूर चुनाव जीतने के लिए लड़ते दिख रहे है। इस आधार पर कहा जा सकता है कि इस बाक कांग्रस जितनी भी सीटें जीत रही है, उसमें जीत का श्रेय प्रत्याशी को ज्यादा व कांग्रेस को कम मिलेगा।

## सहज तौर पर तलाक दे/लें

रिलेटिव इंपोटेंसी के कारण विवाह बरकरार न रख पाने वाले दंपति की शादी बंबई हाईकोर्ट ने निरस्त कर दी। अदालत के फैसले के अनुसार दंपति की हताशा को नजरंदाज नहीं किया जा सकता तथा कहा कि रिलेटिव इंपोटेंसी की विभिन्न शारीरिक व मानसिक वजह हो सकती है। विवाह जारी न रह पाने की वजह प्रत्यक्ष तौर पर पत्नी के साथ शारीरिक संबंध बना पाने में पति की अक्षमता है।

अपने फैसले में उच्च अदालत ने कहा कि शुरुआत में संबंध न बना पाने के लिए उसने अपनी पत्नी को दोषी को ठहराया क्योंकि वह यह स्वीकारने में असमर्थ था कि वह दैहिक संबंध कायम करने में असमर्थ है। दोनों का विवाह मार्च 2023 में हुआ था, परंतु वे 17 दिन बाद ही अलग हो गए। मामले को फरवरी 2024 में परिवार अदालत ने खारिज कर दिया था। उसका कहना था कि मिली-भगत से तलाक की अर्जी दायर की गई है। पति नहीं चाहता था कि उस पर नपुंसकता का धब्बा लगे।

रिलेटिव इंपोटेंसी में कोई शख्स किसी विशेष के साथ दैहिक संबंध कायम करने में असमर्थ हो जाता है। यह सामान्य नपुंसकता से भिन्न है। यह फैसला तलाक की अर्जी लगाने वाले ढेरों दंपतियों के लिए सुकून की सांस लेन वाला साबित हो सकता है।

अपने समाज में अभी भी शादियां टूटने के मामले औसतन बहुत कम हैं। उस पर इस तरह के गोपन आरोप लगाने वाले अपनी सामाजिक तौहीन को लेकर बहुत भावुक हो जाते हैं। ज्यादातर मामलों में उन्हें अपनी चूक या अक्षमता को पचा पाने का नैतिक साहस नहीं होता है।

चूंकि अभी भी अमूमन शादियां परिवारों द्वारा निश्चित की जाती हैं, ऐसे में दंपति में सामंजस्य न बैठ पाना, गैरमामूली नहीं कहा जा सकता। हालांकि यदि पति को ऐसा कोई संदेह पहले था तो उसे चिकित्सकीय परामर्श अवश्य लेनी चाहिए। विचारणीय बात तो यह भी है कि जब दोनों आपसी सहमति से विवाह के कायम न रखने को राजी हैं।

अगर उनके दरम्यान कोई मतभेद नहीं हैं तो संबंध विच्छेद के मध्य किसी को आने की आवश्यकता नहीं रह जाती। पौरुषहीनता का आरोप जड़ कर संबंध विच्छेद करना, उसकी समूची शख्सियत को छलनी करने सरीखा है।

उसे मानसिक, भावनात्मक व सामाजिक रूप से निर्वस्त्र करने से बेहतर है, सहज तौर पर तलाक दे/ले लिया जाए।




**नजरिया**

> बिहार के लोग यकीनन सियासी तौर पर संवेदनशील हैं, मगर जातियों को लेकर उनके आग्रह, दुराग्रह की हद छूते नजर आते हैं। ऐसे में, 2014 और 2019 की भांति एनडीए अपना जादू बरकरार रख पाएगा।

# बिहारी राजनीति की पहेली



शशि शेखर

ये पंक्तियां बिहार से, क्योंकि हिन्दुस्तान की सियासी बारीकियां समझनी हैं, तो यहां आना ही होगा। बिहार के राजनीतिक थियेटर में इतना उतार-चढ़ाव है कि पता नहीं चलता, कब कौन किरदार कहां से प्रकट हो, कब नेपथ्य में चला जाएगा।

यहां के नेता वायदों और दावों के मामले में उत्साही और सामाजिक परिवर्तन के अगुवा मालूम पड़ते हैं, लेकिन वक्त आने पर वे सत्ता के लिए कुछ भी कर गुजरते हैं। कमाल यह कि इससे उनके 'वोटबैंक' पर कोई खास असर नहीं पड़ता। यही वजह है कि महागठबंधन तोड़कर भारतीय जनता पार्टी के साथ सरकार बनाने वाले नीतीश कुमार को वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनाने में संकोच नहीं किया था। इस पुनर्जन्म पाए गठबंधन ने 2020 का चुनाव साथ लड़ा और जीता, लेकिन नीतीश कुमार 24 महीने में ही एक बार फिर लालू यादव के साथ चले गए।

यह 'स्वाभाविक साझीदारी' से मुक्त होकर 'पुराने परिवार' में वापसी जैसा कोई करतब था।

सब जानते थे कि इस वापसी की भी वापसी होनी है। पहले भारतीय जनता पार्टी के साथ 'घुटन' महसूस कर चुके नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले फिर भाजपा के साथ सरकार बनाने को राजी हो गए। इन दिनों वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा हैं और कहते हैं- 'अब हम कहीं नहीं जाएंगे, यहीं रहेंगे।' उनके पुराने गठबंधन के साझीदार, यानी राष्ट्रीय जनता दल के लोग जवाब में वीडियो जारी करते हैं, जिसमें दूसरे गठबंधन के लिए भी वह लगभग ऐसा ही कहते दिखाए जाते हैं।

भाजपा और राजद भी नीतीश कुमार के साथ सुर बदलते रहे हैं। वे जब उनके साथ होते हैं, तो उनकी सी बोलते हैं और जब 'पाला बदल' आकार ले लेता है, तो उनके बयान पुन: पुरानी खाल ओढ़ लेते हैं। बिहार इस मामले में अकेला ऐसा राज्य है, जहां पिछले दस सालों में मुख्यमंत्री ने चार बार अपने साझीदारों की अदला-बदली की। सवाल उठता है कि भाजपा और राजद पुराने अनुभवों से सबक लिए बिना उनसे जब-तब हाथ क्यों मिला लेते हैं? जवाब आसान है। बिहार के लगभग 7.64 करोड़ वोटरों में आठ से दस फीसदी ऐसे लोग हैं, जो उनका साथ हर हाल में पसंद करते हैं।

### ऐसा क्यों है? उत्तर के लिए पीछे लौटना होगा।

सन् 2005 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कई क्रांतिकारी काम किए थे। जिस बिहार में महिलाएं शाम को घर से बाहर निकलने में झिझकती थीं, वहां उन्होंने शहर से गांव तक की लड़कियों को सरकार की ओर से साइकिलें मुहैया कराई थीं। इससे पढ़ाई-लिखाई के लिए लड़कियों ने बाहर निकलना शुरू किया, जिससे समाज के निचले तबके में बदलाव की शुरुआत हुई। पिछले दो दशकों में ऐसी हजारों बालिकाएं आगे आईं, जिन्होंने पढ़-लिखकर नौकरियां हासिल कीं या अपना रोजगार स्थापित किया। जो इन सबसे वंचित रहीं, वे भी साक्षरता की पूंजी लेकर ससुराल गईं। बताने की जरूरत नहीं कि हमारे देश की लड़कियां एक नहीं, दो घरों को संवारती हैं।

यही नहीं, वर्ष 2016 में शराबबंदी के जरिये उन्होंने गांव की गरीब महिलाओं का दिल हमेशा के लिए जीत लिया। हालांकि, इस प्रयोग की आलोचना भी होती है। इसके बाद यहां जहरीली शराब पीकर मरने वालों की संख्या में वृद्धि हुई। इससे मदिरा की तस्करी को भी बढ़ावा मिला और सरकार को राजस्व की भयंकर हानि हुई। यह कानून इतनी कठोरता से बनाया गया था कि लोग उसे 'दानवी' बताने लगे। विरोध पनपता देखकर इसकी धाराओं में कुछ ढील दी गई, पर अभी भी वे कछुए के कवच की भांति कठोर हैं।

घर-घर बिजली और हर घर नल-जल जैसी योजनाएं मूलत: नीतीश कुमार के दिमाग की उपज थीं। बिहार की कानून-व्यवस्था और सड़कों के सुधार में भी उनका अनूठा योगदान रहा है। उनके विपक्षी दावा करते हैं कि पिछली बार के पाला बदल ने उनकी छवि को सांघातिक चोट पहुंचाई है। उनके कुछ बयानों पर पिछले दिनों जमकर बवंडर भी हुआ। मौजूदा चुनाव उनके प्रति मतदाता के रुख-रवैये का सबसे बड़ा इम्तिहान साबित होने जा रहा है। यहां तेजस्वी यादव का उल्लेख करना जरूरी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में वह महागठबंधन के अगुवा थे। उनके भगीरथ प्रयासों से बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनता दल सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरा था। यह बात अलग है कि पिछले दिनों उनके पांच विधायकों ने पाला बदल लिया। न जाने क्यों, राजद ने इसकी कोई आधिकारिक शिकायत विधानसभा अध्यक्ष के यहां दर्ज नहीं कराई और वे सत्ता पक्ष के साथ बैठने लगे। अब भारतीय जनता पार्टी 85 विधायकों के साथ सदन में सर्वाधिक संख्या रखती है।

बताने की जरूरत नहीं कि भाजपा सोच-समझकर सियासी दांव खेलती है। उसे मालूम है कि कब किसको दोस्त बनाना है और किसको मंझधार में छोड़ देना है। पासवान परिवार इसका जीवंत उदाहरण है। 2020 के चुनाव से ऐन पहले रामविलास पासवान की मृत्यु हो गई थी। उनके पुत्र चिराग पासवान और अनुज पशुपति कुमार पारस में विरासत की लड़ाई थी। पारस को केंद्रीय मंत्रिमंडल में ले लिया गया और वह छह में से पांच सांसदों को तोड़कर सत्ता-सुख के भागीदार हुए थे। नतीजतन, खुद को 'मोदी का हनुमान' बताने वाले चिराग निस्संग रह गए थे। मौजूदा चुनावों से पहले भगवा दल ने एक बार फिर उन्हें वरीयता दी और अब पारस अकेले हैं। कमाल यह कि इसके बावजूद न चिराग ने कभी एनडीए से नाता तोड़ा था, न पारस ऐसा कर रहे हैं।

एनडीए से भीतर-बाहर होने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी भी शामिल हैं। वह समय के साथ पाला बदलते रहे हैं, जिसका उन्हें भरपूर लाभ मिला है। कभी नीतीश कुमार के अनुयायी रह चुके मांझी अब एनडीए के साथ हैं। वह गया से उम्मीदवार भी हैं। देखना होगा कि मतदाता उनके बार-बार पाला बदल को कैसे लेते हैं? इस बार उन्हें साथ लेने वाले एनडीए का उनकी जाति के मतों से कितना फायदा होता है?

भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी समझदारी से प्रदेश के जातिगत समीकरणों को साधा है। इसके बावजूद उसके सारे उम्मीदवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के सहारे वैतरणी पार होने का मनसूबा बांधे हुए हैं। मोदी यहां भी सर्वाधिक आकर्षक नेता हैं, पर एनडीए को इंडिया ब्लॉक से कड़ी चुनौती मिल रही है। पहले चरण में जिन चार सीटों पर मतदान हुआ, वहां हिंदी पट्टी के अन्य प्रदेशों की भांति मत प्रतिशत लगभग पांच फीसदी कम रहा। इसने एनडीए को और सजग कर दिया है।

बिहार के लोग यकीनन सियासी तौर पर संवेदनशील हैं, मगर जातियों को लेकर उनके आग्रह, दुराग्रह की हद छूते नजर आते हैं। ऐसे में, 2014 और 2019 की भांति एनडीए अपना जादू बरकरार रख पाएगा या फिर से मुखर हो चले जातीय समीकरण कोई नया गुल खिलाएंगे? ऊपर से देखने पर चाणक्य और चंद्रगुप्त की इस धरती पर उदासीन सन्नाटा पसरा दिखता है, मगर हर बिहारी के मानस में इस वक्त यही सवाल गूंज रहा है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# अल्पसंख्यक श्रेणी का अधिकार

प्रमोद भार्गव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्म के आधार पर पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों को मिलने वाले आरक्षण में सेंधमारी करने के संविधान विरोधी प्रयासों पर बड़ा हमला बोला है।

कांग्रेस से सवाल किया है, 'क्या कांग्रेस ऐलान करेगी कि वे संविधान में पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के आरक्षण को कम करके इसे मुसलमानों को नहीं बांटेंगे?' 2004 में जैसे ही कांग्रेस की केंद्र में सरकार बनी तो उसने सबसे पहले आंध्र प्रदेश में एससी/एसटी आरक्षण को कम कर इस कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था। यह कांग्रेस का 'पायलट प्रोजेक्ट' था, जिसे कांग्रेस पूरे देश में आजमाना चाहती थी। 2004-2010 के बीच कांग्रेस ने चार बार आंध्र प्रदेश में मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की जागरूकता के कारण वे अपने मंसूबे पूरे नहीं कर पाए। मोदी ने अब फिर से आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में लोगों का धन छीन कर अपने 'खास' लोगों को बांटने की साजिश रची है। यह अत्यंत तल्ख टिप्पणी राजस्थान के टोंक जिले में एक चुनावी जनसभा में की।

प्रधानमंत्री की टिप्पणी संपूर्ण सत्य है। एक समय कांग्रेस सरकार की अल्पसंख्यक बनाम मुस्लिमों को पिछड़ों, दलित और आदिवासियों के संविधान में निर्धारित कोटा के अंतर्गत 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने की मंशा रही थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध दायर अपील को खारिज कर दिया था।



केंद्र सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश चाहती थी। इस मंशा के विपरीत कोर्ट ने सरकार से स्पष्ट करने को कहा था कि वह बताए कि उसने किस आधार पर अल्पसंख्यकों को 4.5 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया? कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह तो कोटे में उपकोटा आरक्षित करने का सिलसिला चलता रहेगा। दरअसल, आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने धर्म के आधार पर' आरक्षण का लाभ संविधान के विरुद्ध बताया था।

वर्तमान में दिसम्बर, 2011 के बाद से शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी वर्ग को 27 फीसद आरक्षण का प्रावधान है। लेकिन केंद्र सरकार ने ओबीसी के कोटे में खास तौर से मुस्लिमों को लुभाने के लिए 4.5 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का प्रावधान कर दिया था। इसे कानूनी रूप देते हुए 'अल्पसंख्यकों से संबंधित' और 'अल्पसंख्यकों के लिए' जैसे वाक्यों का जो प्रयोग किया गया वह असंगत है, जिसकी कोई जरूरत नहीं है। इस फैसले का व्यापक असर होना तय था क्योंकि यह प्रावधान आईआईटी जैसे केंद्रीय शिक्षण संस्थानों में भी लागू हो गया था।

वंचित समुदाय, चाहे अल्पसंख्यक हों अथवा गरीब सवर्ण, को बेहतरी के उचित अवसर देना लाजिमी है क्योंकि बदहाली की सूरत अल्पसंख्यक अथवा जातिवादी चश्मे से नहीं सुधारी जा सकती? खाद्य की उपलब्धता से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जितने भी ठोस मानवीय सरोकार हैं, उनको हासिल करना मौजूदा दौर में पूंजी और शिक्षा से ही संभव है। ऐसे में आरक्षण के सरोकारों के जो वास्तविक हकदार हैं, वे अपरिहार्य योग्यता के दायरे में न आ पाने के कारण उपेक्षित ही रहेंगे। अलबत्ता, आरक्षण का सारा लाभ वे बटोर ले जाएंगे जो आर्थिक रूप से पहले से ही सक्षम हैं, और जिनके बच्चे पब्लिक स्कूलों से पढ़े हैं। इसलिए इस संदर्भ में मुसलमानों और भाषायी अल्पसंख्यकों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने की वकालत करने वाली रंगनाथ मिश्र आयोग की रिपोर्ट के भी कोई बुनियादी मायने नहीं रह गए थे? यह रिपोर्ट भी मुसलमानों को संवैधानिक प्रावधानों में आरक्षण जैसे विकल्प खोलने के लिए तैयार कराई गई थी।

वर्तमान समय में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं लेकिन जैन समुदाय केंद्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। दरअसल, 'अल्पसंख्यक श्रेणी' का अधिकार पा लेने के क्या राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक निहितार्थ हैं, इन्हें समझना मुश्किल है।

**( ये लेखक के विचार हैं )**

## अंटार्कटिका के समुद्री बर्फ में क्यों आई भारी कमी, भारतीय वैज्ञानिकों ने सुलझाया रहस्य

2016 से 2022 तक हर साल गर्मी के मौसम में अत्यधिक धीमी गति से समुद्री बर्फ बढ़ने या वापसी के साथ 2023 में अचानक इसमें भारी कमी आई। भारतीय वैज्ञानिकों के द्वारा किए गए एक अध्ययन में इस बात का पता लगाया गया है कि साल 2023 में अंटार्कटिका की समुद्री बर्फ में भारी कमी के पीछे के क्या कारण थे। यह अध्ययन भारत के नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओशन रिसर्च (एनसीपीओआर) और यूके में ब्रिटिश अंटार्कटिक सर्वेक्षण के सहयोग से किया गया था। अध्ययन में उन स्थितियों की जानकारी दी गई है, जिनके कारण 2023 में अंटार्कटिक में बर्फ में भारी कमी, बर्फके पीछे हटने के कारण उत्पन्न हुई। दुनिया भर में तापमान में वृद्धि या ग्लोबल वार्मिंग के चलते पिछले दशक में आर्कटिक की समुद्री बर्फ का भारी नुकसान हुआ। जबकि अंटार्कटिक में 2015 तक मध्यम वृद्धि दिखाई दी थी और उसके बाद 2016 से इसमें कमी आने लगी। विशेष रूप से 2016 से 2022 तक हर साल गर्मी के मौसम में अत्यधिक धीमी गति से समुद्री बर्फबढ़ने या वापसी के साथ 2023 में अचानक इसमें भारी कमी आई।

अंटार्कटिका में धीमी गति से बर्फ का विस्तार सात सितंबर 2023 को एक करोड़ 69 लाख 80 हजार वर्ग किमी की बर्फ की सीमा के साथ वार्षिक अधिकतम से पहले हुआ, जो एक करोड़ 46 लाख वर्ग किमी की लंबी अवधि के औसत से कम था। समुद्री बर्फ में इस बदलाव के पीछे के कारण वैज्ञानिक समुदाय और नीति निर्माताओं दोनों के लिए ही एक बड़ा प्रश्न बना हुआ है। अध्ययन के निष्कर्षों से पता चलता है कि महासागर के ऊपरी हिस्से की अत्यधिक गर्मी, जिसे एक्सेसिव अपर ओशन हीट कहा जाता है, जो 2023 में बर्फ के विस्तार को कम करने के लिए जिम्मेवार थी। लेकिन साथ ही वायुमंडलीय प्रसार में बदलाव भी अत्यधिक हुए और उन्होंने इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हवा के पैटर्न में बदलाव जैसे कि अत्यधिक गहरे ईस्टवार्ड शिफ्ट के कारण वेडेल सागर में उत्तर की ओर तेज हवाएं चली। उत्तरी हवा ने वायुमंडलीय तापमान में रिकॉर्ड वृद्धि की और बर्फके किनारों को अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर रहने के लिए विवश किया। इसके एक कम दबाव वाली प्रणाली होने के कारण, पश्चिम अंटार्कटिका और आसपास की समुद्री स्थितियों के जलवायु उतार-चढ़ाव पर अत्यधिक प्रभाव डालने के लिए जाना जाता है। रॉस सागर में, बर्फ के विस्तार में तेजी से बदलाव मुख्य रूप से वायुमंडलीय ब्लॉक की रिकॉर्ड मजबूती के कारण हुआ, जिसने रॉस आइस शेल्फसे तेज उत्तरी हवाएं प्रवाहित कर दीं। गर्म हवा के थपेड़ों के साथ असाधारण समुद्री-वायुमंडलीय तापमान में वृद्धि ने हवाओं में बदलाव किया। तेज हवाओं और ध्रुवीय चक्रवातों से जुड़ी उच्च समुद्री लहरों के साथ मिलकर, अंटार्कटिक में रिकॉर्ड स्तर पर बर्फको कम करने में अहम भूमिका निभाई। विशेष रूप से, चक्रवातों के कारण असाधारण रूप से धीमी गति से बर्फ के विस्तार या यहां तक कि इसके पीछे हटने की घटनाएं हुईं।

# राष्ट्रहित में संकल्पित युवा शक्ति का मतदान

डॉ. निशा शर्मा

भारत इन दिनों अपना सबसे बड़े और पावन पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के नागरिक अपने राष्ट्र को अपने राष्ट्र को सशक्त और मजबूत सरकार देने के प्रयास में लगे हैं। सात चरणों में पूर्ण होने वाले इस वर्ष के लोकसभा के ये चुनाव देश के इतिहास के सबसे बड़े चुनाव होंगे। जिसमे से पहले चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है, शेष अभी बाकी हैं। बैसे तो 18 वर्ष के ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु हम सभी जानते हैं कि भारत युवाओं का देश है, यंगिस्तान कहे जाने वाले अपने भारत में आज लगभग 66 प्रतिशत युवा मतदाता हैं। मतदाताओं का ये प्रतिशत किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने के लिए पर्याप्त है। आज भारत का युवा पहले के मुकाबले अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय हो गया है। इसका अंदाजा अपने इर्द गिर्द हो रही कुछ घटनाओं को देखकर लगाया जा सकता है। उदाहरण के लिए जैसे गतवर्ष महिला समन्वय की तरफ से ब्रज प्रान्त में महिला सम्मलेन और इस वर्ष उसी क्रम में तरुणी और युवा सम्मेलनों का आयोजन कई स्थानों पर कराया गया था। सम्मेलनों में संख्या विशेषकर युवा तरुणियों की बढ़ती संख्या इस बात की ओर इशारा तो कर रही थी कि कहीं न कहीं हमारा युवा मतदाता अपने राष्ट्र की उन्नति को लेकर बेहद संवेदनशील रवैया अपना रहा है। फैशन, कैरियर, टेक्नोलॉजी के साथ अब भारत का युवा अपनी संस्कृति और राष्ट्र के हित को लेकर भी जागरूक है। इस बात पर पक्की मुहर तब लग गयी जब चुनाव आयोग ने इस वर्ष के आकडे जारी किये और उसमे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में स्पष्ट किया गया कि 18 से 29 साल के आयु वर्ग में 2.63 करोड़ नये मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है इसमें भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक रही। ये बड़े ही हर्ष का विषय है कि युवाओं विशेषकर महिलाओं में अपने राष्ट्र के प्रति ये विजन देखने को मिल रहा है।

समाज में आज युवा-वर्ग भारत की हर राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्थिति, परिस्थिति और इसके साथ ही इन सभी में भारत की भूमिका को देखते हुए बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है। अब वह समय नहीं जब युवा अपने सिलेबस से बाहर की बात कहकर अनदेखा कर दिया करता था बल्कि इसके उलट अब वह समाज में सामाजिक कार्यों से जुड़कर किस प्रकार की भूमिका हमारी होनी चाहिए ? इस बात पर विचार करता है। किसी भी राष्ट्र को तभी पूरी दुनिया सम्मान से देखती है और सम्मान देती है जब वह अपनी संस्कृति, विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढता है। यह बात अब भारत का युवा जान चुका है और इसमें कोई संदेह भी नहीं कि युवा ही हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं। आज भारत युवा शक्ति समपन्न राष्ट्र है, इतनी युवा शक्ति तो भारत के पास तब भी नहीं थी जब हमने आज़ादी पायी थी। ज़रा विचार कीजिये इतनी विशाल युवा-शक्ति यदि कुछ करने की ठान ले तो वह भारत को किस ऊंचाई पर ले जा सकती है। आज का युवा देश की तरक्की देख रहा है, सम्पूर्ण विश्व में भारत की साख पर गर्व भी महसूस कर रहा है। इसके साथ ही एक और शक्ति को भी अपने अन्तेमन में महसूस कर रहा है वो है भारत की आध्यात्मिक शक्ति। यह स्पष्ट है कि युवा शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति को महसूस कर पूर्ण सम्मान के साथ उसका समर्थन भी कर रही है। ये दोनों विश्व की महानतम शक्तियां हैं और इतिहास साक्षी है कि जब जब दो पावन शक्तियों का संयोग हुआ है तब तब इतिहास रच गया है। यह हमारा सौभाग्य ही है कि ये दो महान शक्तियां केवल भारत के पास ही हैं।

विवेकानंद द्वारा रचित कर्मयोग में कर्म के रहस्य का ज्ञान का वर्णन किया गया है जिसमें सत्व, रजो और तम इन तीनों गुणों का सम्बन्ध मुख्यत: कर्मयोग से बताया गया है। कर्मयोग ही हमें यह शिक्षा देता है कि तीनो गुणों का उचित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है, हम अपना कार्य अच्छी प्रकार कैसे करें साथ ही यदि हम लोग सुसंस्कृत, सुशिक्षित हैं तो हमें चिंतन, दर्शन, कला और विज्ञान में आनंद मिलता है इसके साथ ही धार्मिक चिंतन के अभ्यास में भी अलग ही आनंद है बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने तो अध्ययन के रूप में भी धर्म को अत्यंत आवश्यक माना है। क्योंकि यह सर्वविदित है कि युवा सहज ही चिंता, तनाव, अवसाद से घिर जाता है तब आध्यात्म ही सबसे उपयुक्त मार्ग है जिसके माध्यम से सकारात्मक सोच और रचनात्मक द्रष्टिकोण प्राप्त किया जा सकता है। आध्यात्मिक होने का मतलब ये कदापि नहीं कि आपको संन्यास की ओर ले जाया जा रहा है बल्कि आध्यात्म के माध्यम से जीवन को बेहतर बनाने का तरीका हमारे शास्त्रों में बताया गया है। आज का युवा भी इन्ही सब आध्यात्मिक बातों का निरंतर चिंतन करते हुए आगे बढ़ रहा है।

किसी भी राष्ट्र की विकास यात्रा में अनेक उतार चढ़ाव आते है और आज भारत विश्व में जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसमे युवाओं की महती भूमिका है। अर्थव्यस्था, विज्ञान, अनुसंधान, खेल, राजनीति, रणनीति, सुरक्षा कोई भी क्षेत्र आज युवाओं से अछूता नहीं है। इसी महती भूमिका का निर्वहन हमें मतदान वाले दिन भी करना है। राष्ट्र हित में दिया गया हमारा एक वोट एक शक्तिशाली राष्ट्र की गारंटी है। 66 प्रतिशत जैसे बड़े प्रतिशत के साथ आध्यात्मिक शक्ति को साथ लेकर हम जो भी संकल्प ले लेंगे उसे रोकने की किसी में हिम्मत नहीं है। आज हमारे राष्ट्र को हमारे मत के रूप में हमारी आवश्यकता है। एक स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारत को एक शक्तिसंपन्न सरकार देना भी हम युवाओं का ही उत्तरदायित्व है। आइये हम सभी संकल्प लें की लोकतंत्र के इस महान पर्व को उत्सव के रूप में मनाते हुए, राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करते हुए हम सभी मतदान करेगे और करवाएगें।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Industrial Training Institute
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### ऑब्जर्वर की मौजूदगी में ईव्हीएम मशीनों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान केन्द्रवार ईव्हीएम मशीनों को बांटने का काम सेकण्ड रेण्डमाइजेशन से किया गया। मंथन सभाकक्ष में निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर में रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया से ईव्हीएम मशीनों को बांटने का कार्य किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण, सामान्य प्रेक्षक अभय ए महाजन, अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में यह कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान विधानसभावार ईव्हीएम का रेण्डमाईजेशन किया गया। इसके पश्चात् राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सूची उपलब्ध कराई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी ने बताया कि प्रथम रेण्डमाईजेशन में विधानसभा क्षेत्र आबंटित किया गया था। वहीं द्वितीय रेण्डमाईजेशन में विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम मशीनों को आबंटित किया गया है। मतदान केन्द्र आबंटित होने के पश्चात् ईव्हीएम कमीशनिंग का काम शुरू होगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि कमीशनिंग एवं मॉकपोल के दौरान ईव्हीएम में किसी प्रकार की खराबी पाए जाने पर रिजर्व मशीनों से बदला जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मशीनों के परिवहन की सूचना भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी जाएगी। स्ट्रॉग रूम में मशीनों की सीलिंग एवं कमीशनिंग के लिए सील खोलने की प्रक्रिया भी अभ्यर्थी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाएगा।

### अग्रसेन विद्यालय में ग्रीष्म कालीन समर कैम्प प्रारंभ

**कोरबा।** अग्रसेन विद्यालय में ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों के लिए लगाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती व महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल थे। अग्रसेन पब्लिक स्कुल के प्राचार्या शोभा सोनी ने अपने उदबोधन में कहा कि समर कैम्प का अयोजन विगत वर्षो से लगातार हो रहा है आज से इसका शुभारंभ हमारे स्कुल में हो रहा है। अग्रसेन शिक्षा समिति के अध्यक्ष सीए अखिलेश अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि विद्यालय में पढाई साथ साथ अन्य प्रतिभाओं के लिए समर कैम्प का अयोजन किया गया है बच्चों इसमें काफी जोष के साथ हिस्सा लेते है मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि ग्रामीयों की छुटटी हो गई है अपने व्यक्ति को निखाने के लिए समर कैम्प का अयोजन किया गया गया है।

### पत्रकार स्व. रमेश पासवान के तृतीय पुण्यतिथि पर लोगों ने किया रक्तदान

कोरबा। कोरबा प्रेस क्लब द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत 27 अप्रैल को तिलक भवन में वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमेश पासवान के तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी स्मृति में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केसरी शामिल हुए। सीएमएचओ डॉ. केसरी ने दीप प्रज्वलन के साथ ही स्वर्गीय रमेश पासवान के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय कोरबा के ब्लड सेंटर के सहयोग से लगे उक्त शिविर में कोरबा प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ ही स्व. रमेश पासवान जी के परिजन व आमजन बड़ी संख्या में पहुंचे।

# इस चुनाव में भी कांग्रेस को क्लीन बोल्ड करने वाली है जनता : विष्णुदेव साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायगढ़। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को भी अपने चुनावी अभियान की तूफानी गति जारी रखी। रायगढ़ के कापू, जांजगीर–चांपा के पहरिया और बिलासपुर के बेलगहना में भारी जनसमूह के बीच उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस शासनकाल को शराब, कोयला, रेत, सरकारी जमीन और डीएमएफ घोटालों मे घेरा और कहा कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ को लूट कर कंगाल बना दिया। छत्तीसगढ़ को अत्याचार, भ्रष्टाचार और अपराध को गढ़ बना दिया था। सीएम साय ने केंद्र के दस वर्षों के विकास और छत्तीसगढ़ में तीन महीने में पूरी हुई मोदी की गारंटी पर भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगा।



रायगढ़ के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कापू में विष्णु देव साय ने हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से बहुत पीछे छोड़ दिया था। 36 वादे में एक भी वादे को उसने ठीक से पूरा नहीं किया। सिर्फ घोटाला किया। वे नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी में घोटाला करके गोबर का पैसा भी खा गए। उन्होंने कहा कि यही कारण था कि छत्तीसगढ़ की जनता ने पिछले चुनाव में कांग्रेस को आउट कर दिया और इस बार भी क्लीन बोल्ड होगी।

अपने पुराने संसदीय क्षेत्र रायगढ़ के धरमजयगढ़ (कापू) के लोगों से सीएम साय ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे रायगढ़ लोकसभा से लगातार 20 वर्ष सांसद बनने का मौका मिला। इसके लिए आप सभी का हृदय से आभार। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के बीच आया हूँ और आप सभी से आग्रह करने आया हूँ कि हम सबको विकसित भारत बनाने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना होगा। जिसके लिए आप सभी आगामी 7 मई को कमल छाप पर बटन दबाएं और राधेश्याम राठिया जी को सांसद बनाकर दिल्ली भेजें।

आज लगभग 12 बजे रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के धरमजयगढ़ स्थित पहाड़ी इलाके कापू पहुंचे विष्णु देव साय को आंधी–तूफान का सामना करना पड़ा। बारिश भी होती रही मगर मुख्यमंत्री और जनसभा के लिए आई भारी भीड़ पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। निर्विघ्न तरीके से मुख्यमंत्री ने अपना उद्बोधन पूरा किया।

### भाजपा के संकल्प पत्र में गरीबों के लिए बहुत कुछ

तूफानी दौरा करते हुए शाम को बिलासपुर के बेलगहना पहुंचे विष्णु देव साय ने यहाँ भी विशाल आमसभा को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाजपा के संकल्प पत्र का हवाला देते हुए कहा कि हम अपने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी भी कहते हैं। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में 4 करोड़ पीएम आवास बने, अगले पांच साल में 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाना है। अब 70 साल तक के बुजुर्गों का भी मुफ्त में आयुष्मान भारत योजना में इलाज होगा। मुद्रा योजना के तहत बेटे–बेटियों को 10 लाख की जगह 20 लाख तक का लोन मिलेगा। अब पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस घर–घर तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो पूरा भी करती है, कांग्रेस की तरह झूठ नहीं बोलती। विष्णु देव साय ने रायगढ़ लोकसभा के लिए राधेश्याम राठिया, जांजगीर–चांपा के लिए कमलेश जांगड़े और बिलासपुर के लिए तोखन साहू के पक्ष में जमकर मतदान करने को कहा।

### कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया

जांजगीर–चांपा के पहरिया में मुख्यमंत्री ने पूर्व भूपेश सरकार को महादेव एप घोटाले में घेरा। उन्होंने सरकारी संरक्षण और सहयोग से प्रदेश में चलाए गए सट्टे–जुए के कारोबार को छत्तीसगढ़ का दुर्भाग्य बताया। भूपेश बघेल को जिम्मेदार बताते हुए उन्होंने कहा कि महादेव सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रूपये प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप उन पर लगा है और एफआईआर भी दर्ज हुई है। बहुत से कांग्रेसी नेताओं के ऊपर न केवल एफआईआर है बल्कि ज्यादातर जेल की चक्की पीस रहे हैं। बड़े–बड़े अधिकारी जिन्होंने भ्रष्टाचार में सरकार का सहयोग किया उन्हे डेढ़–डेढ़ साल से जमानत नहीं मिल रही है। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों का कोई विकास नहीं किया। उसे केवल बंधुआ मजदूर समझा, वोट बैंक समझा। जबकि भाजपा ने आदिवासियों का भरपूर सम्मान किया, कर रही है और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रद्धेय अटल जी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहाँ आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। आज एक आदिवासी परिवार की बेटी, बहन द्रौपदी मुर्मू जी देश की राष्ट्रपति हैं। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही सम्भव है। सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आदिवासियों की सबसे पिछड़ी जनजाति कोरवा, बिरहोर, बैगा, कमार, अबूझमाड़िया जनजाति के लोगों के लिए पीएम जनमन योजना लागू की है। वन धन योजना लागू कर आदिवासियों को वनोपज का ऊँचा दाम देने का काम किया है। सरकार की सारी सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है।

### पूरी कांग्रेस पार्टी कंफ्यूज है

कापू में पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राहुल गांधी ही नहीं पूरी कांग्रेस पार्टी कंफ्यूज है। कांग्रेस की स्थिति यह है कि देश में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उसे प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं। छत्तीसगढ़ जैसे प्रदेश में ही हजारों कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रवेश किया है। यह सिलसिला लगातार जारी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के लिए अनुकूल स्थिति है और सभी ग्यारह लोकसभा सीटों पर भाजपा जीतेगी।

नक्सल मुद्दे पर दीपक बैज द्वारा यह कहे जाने पर कि प्रदेश सरकार की रणनीति स्पष्ट नहीं है के जवाब में साय ने कहा कि हमारी नीति पूरी तरह स्पष्ट है। नक्सलवाद से हम मजबूती से लड़ रहे हैं। हमारे पास विकल्प खुले हैं। यदि नक्सली गोली–बारुद की भाषा बोलेंगे तो उसे उस भाषा में जवाब मिलेगा। यदि मुख्यधारा में शामिल होना चाहेंगे तो उनके लिए पुनर्वास नीति लागू होगी।

# भाजपा संविधान बदलकर आरक्षण खत्म करना चाहती है : कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा नेताओं और नरेंद्र मोदी के करीबियों के बयानों से अब साफहो गया है कि उनका उद्देश्य है – संविधान बदल कर देश का लोकतंत्र तबाह कर देना। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण छीन कर देश चलाने में उनकी भागीदारी खत्म करना। लेकिन संविधान और आरक्षण की रक्षा के लिए कांग्रेस चट्टान की तरह भाजपा की राह में खड़ी है। जब तक कांग्रेस है – वंचितों से उनका आरक्षण दुनिया की कोई ताकत नहीं छीन सकती। केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर कांग्रेस सामाजिक रूप से वंचित लोगों के लिये हिस्सेदारी न्याय लागू करेगी।

कांग्रेस के न्याय पत्र में हिस्सेदारी न्याय भारत के सामाजिक संरचना में क्रांतिकारी परिवर्तन लायेगा। कांग्रेस पार्टी पिछले सात दशकों से समाज के पिछड़े, वंचित, पीड़ित और शोषित वर्गों एवं जातियों के हक और अधिकार के लिए सबसे अधिक मुखरता के साथ आवाज़ उठाती रही है। कांग्रेस लगातार उनकी प्रगति के लिए प्रयास करती रही है। लेकिन जाति के आधार पर होने वाला भेदभाव आज भी हमारे समाज की हकीकत है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग देश की आबादी के लगभग 70 प्रतिशत हैं, लेकिन अच्छी नौकरियों, अच्छे व्यवसायों और ऊँचे पदों पर उनकी भागीदारी काफी कम है। किसी भी आधुनिक समाज में जन्म के आधार पर इस तरह की असमानता, भेदभाव और अवसर की कमी बर्दाश्त नहीं होनी चाहिये।

दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार जनहितैषी होने का केवल ढोंग करती है, असलियत यह है कि इनके फोकस में केवल अपने पूंजीपति मित्रों का मुनाफा है। अपने आप को पिछड़ा वर्ग का बताने वाले मोदी ने यह नहीं बताया कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ देने वाला विधेयक पिछले डेढ़ साल से राजभवन में क्यों कैद है? आदिवासी हितैषी होने का पाखंड करने वाले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बताना चाहिए कि आदिवासियों के 32 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान का विधेयक राजभवन में कब तक बंधक रखा जाएगा? वन अधिकार अधिनियम में मोदी सरकार द्वारा किए गए आदिवासी विरोधी संशोधनों पर मौन क्यों है? उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 10 साल के राज में देश की संपत्ति का 90 प्रतिशत हिस्सा मात्र 22 लोगों के पास है। 90 प्रतिशत देश की आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का मात्र 10 प्रतिशत हिस्सा है। मोदी के शासनकाल में सिर्फ चंद उद्योगपतियों की संपत्ति के सैकड़ों गुना की बढ़ोतरी हुई है।

# कांग्रेस के नेताओं को टारगेट करने से नहीं मिलेगा लाभ : सचिन पायलट

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। प्रदेश प्रभारी और एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि पहले दो चरण में जो हुआ है उससे बेहतर हमारा परफॉर्मेंस लास्ट चरण में होगा। हमारा जो चुनाव है मेनिफेस्टो के आधार पर है विचारधारा के आधार पर है। 5 साल का हमारा सकारात्मक रोड मैप क्या है, हम उस पर चर्चा कर रहे हैं।




पायलट ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मुझे बड़ा दुख है कि जो सत्ताधारी दल है और जिनकी सरकार पिछले 10 सालों से दिल्ली में है उनका काम और भाषण है। कभी वो प्रियंका गांधी के बारे में बोलते हैं तो वो कभी राहुल गांधी के बारे में व्यक्तिगत स्तर पर बात करते हैं जिसका कोई लाभ नहीं है। इन नकारात्मक बात को जनता खूब समझ रही है। पहले दो चरण में बीजेपी बैकफुट में है यह उनके भाषण में दिख रहा है।

चुनाव परिणाम को लेकर पायलट ने कहा कि यह 4 जून को पता चलेगा, लेकिन जो फीडबैक हमें मिल रहा है वह सकारात्मक है ।जो बड़ी–बड़ी बातें बोलती थी बीजेपी कि 400 पार 500 पार वह दूर–दूर तक असलियत में नहीं है। कांग्रेस और इंडिया एलायंस के हर उम्मीदवार मजबूती से चुनाव लड़ रहे हैं और हम जीत रहे हैं मैं ऐसा मानता हूं।

वो हमारे नेताओं को व्यक्तिगत टारगेट कर रहे हैं इसे कुछ लाभ मिलने वाला नहीं है। पब्लिक कांग्रेस के साथ है 10 साल का पूरा मौका जनता ने उन्हें दिया है।

मुस्लिम तुष्टिकरण के सवाल पर सचिन पायलट ने कहा कि बीजेपी कोशिश कर रही है कि ध्यान डायवर्ट किया जाए और जाति धर्म जज्बात पर चुनाव लड़ा जाए। हम चाहते हैं कि किसान, महिला नौजवान हर वर्ग को आगे ले जाने का काम करें। हमारे मेनिफेस्टो में जो लिखा है वह साफ-साफ ब्लैक एंड व्हाइट में लिखा है। उसको आप मनगढ़ंत बातें कह रहे हैं और अकल्पनीय बता रहे हैं। बीजेपी बात कर रही है मंगलसूत्र की मंदिर मस्जिद की हिंदू मुस्लिम की और हम बात कर रहे हैं मनरेगा और एमएसपी की।

# सभी वर्गों का हक छीन कर एक खास वर्ग को देना चाहती है कांग्रेस : शिवरतन शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व चुनाव प्रबंधन समिति प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में सरकारी ठेकों में अल्पसंख्यकों को प्राथमिकता देने की बात कहकर कांग्रेस ने यह फिर साफ कर दिया है कि कांग्रेस आदिवासियों ओबीसी और अनुसूचित जाति सहित सामान्य वर्ग के सभी हक छीन लेना चाहती है।



शर्मा ने कहा कि सम्पत्ति का सर्वे कर सम्पत्ति को बाँट देने और फिर राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत–टैक्स का राग आलापने के बाद अब सरकारी ठेकों तक में अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर शेयर देने की बात से कांग्रेस का आदिवासी, ओबीसी और अजा विरोधी चेहरा पूरी तरह बेनकाब हो गया है। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शर्मा ने रविवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में तुष्टिकरण के तहत किए प्रावधानों से देशवासियों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में लिखी कई आपत्तिजनक बातो में एक और आपत्तिजनक बात सामने आ रही है उसमे लिखा है – हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले। शर्मा ने सवाल किया कि कांग्रेस यह कैसे सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यकों (मुस्लिम पढ़ें) को 'सार्वजनिक कार्य अनुबंध' में उचित हिस्सा मिले? क्या तकनीकी और वित्तीय बोली के साथ धार्मिक कोटा भी होगा? क्या मुस्लिमों के पक्ष में योग्य बोलीदाताओं, जो कि अन्य धर्मों से रहेंगे, की अनदेखी की जाएगी? क्या सार्वजनिक अनुबंध हासिल करने के लिए हिंदुओं को अल्पसंख्यकों के अधीन बनना होगा, भले ही वे स्वयं ऐसा करने में सक्षम हों? क्या कांग्रेस यह कहकर 'टेंडर घोटाला' की नींव नहीं रख रही है? कांग्रेस न केवल एससी/एसटी/ओबीसी की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है, सोना और उनके मंगलसूत्र सहित हिंदू महिलाओं की छोटी बचत को अपने कब्जे में लेना चाहती है। बल्कि इसे अल्पसंख्यकों के बीच वितरित करना चाहती है। कांग्रेस यह कैसा भारत बनाना चाहती है? कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी यह भी लिखा है कि अल्पसंख्यकों का आर्थिक विकास बहुत जरूरी है। बैंकों से उन्हें पर्याप्त लोन मिले, यह भी कांग्रेस सुनिश्चित करेगी। मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े हर तबके के किए कार्य किए हैं, लेकिन कांग्रेस का घोषणा पत्र केवल अल्पसंख्यकों की बात कर रहा है जिससे देशवासियों में भारी नाराजगी है। कांग्रेस के नेता आज चाहे जितने खोखले दावे कर लें कि हमारा मकसद वह नहीं है, पर कांग्रेस का घोषणापत्र और उसके नेता लगातार जिस भाषा में चीख–चीखकर आदिवासियों, दलितों, पिछड़ा वर्ग के बजाय अल्पसंख्यकों के हितों चिंता जता रहे हैं, जिस प्रकार एससी/एसटी/ओबीसी का हक मारकर अल्पसंख्यकों देने की बातें कर रहे हैं, उसे देश और छत्तीसगढ़ की जनता बहुत अच्छी तरह से समझ रही है क्योंकि प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह ने साफ शब्दों में कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों, उनमें भी मुसलमानों का है।

शर्मा ने कहा कि अब राहुल गांधी और कांग्रेस इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करें कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में कही गई बातें, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कथन, सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स का राग और अब 'सार्वजनिक कार्य अनुबंध' की बात कहकर कांग्रेस कौन–से मंसूबों को अमल में लाना चाहती है? अब कांग्रेस या तो स्वीकार करे कि उसका मकसद वही है जो मनमोहन सिंह ने कहा था, पित्रोदा ने कहा है, और अब कांग्रेस के नेता कह रहे हैं, या फिर देश से माफी मांगकर इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र से वापस ले। छत्तीसगढ़ की जनता–जनार्दन कांग्रेस की इस बदनीयती को अच्छी तरह भाँप रही है।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### रायपुर रेल मंडल के पहले गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ

**रायपुर ( ए. )।** देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए रेलवे द्वारा गति शक्ति कार्गो टर्मिनल्स की शुरुआत की है। इसके द्वारा रेलवे उपभोक्ताओं के लिए उनके हितों को ध्यान में रखते हुए पॉलिसी बनाई गई है यह कार्गो टर्मिनल देश की गति प्रगति में बहुत सहायक होते हैं। इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल द्वारा पहले गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर रायपुर रेल मंडल के परिचालन, वाणिज्य संकेत एवं दूरसंचार, इंजीनियरिंग टी आर डी विभागों के वरिष्ठ शाखा अधिकारी भी उपस्थित रहे। रायपुर रेल मंडल का पहला कार्गो टर्मिनल जे के लक्ष्मी सीमेंट अहिरवार से रश्मि सीमेंट खड़गपुर के लिए रवाना किया गया। इसमें किलिंकर लोड कर रैक रवाना किया गया। इससे रायपुर रेल मंडल द्वारा किए जाने वाले माल लदान में वृद्धि होगी, रायपुर रेल मंडल के राजस्व में वृद्धि होगी साथ ही रायपुर रेल मंडल को लोडिंग अनलोडिंग के लिए एक नया केंद्र मिल गया है। जहां से अन्य फ्रेट कस्टमर भी अपना सामान भेज सकेंगे।

### पहाड़ी तालाब का हुआ गहरीकरण

**रायपुर ( ए. )।** कुशालपुर स्थित पहाड़ी तालाब का गहरीकरण का कार्य अब लगभग खात्मे की ओर है। साथ ही यहां बाउंड्रीवाल निर्माण, पाथवे और सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा



रहा है। रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार अमृत मिशन अभियान के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा ने यहां चल रहे कार्य का आज निरीक्षण किया। श्री शर्मा ने बताया कि इस तालाब का गहरीकरण कर यहां का मलबा निकाला जा रहा है। ये कार्य अब अंतिम चरण में है। साथ ही यहां बाउंड्रीवाल, रिटेंनिग वाल, फुटपाथ निर्माण के साथ ही सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। इन सभी कार्यों को महीने भर में पूर्ण कर लिया जाएगा।

शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई गई शपथ

# स्टेज पर रैंपवाक कर बुजुर्गों व युवाओं ने दिखाया अपना जलवा

**रायपुर ( ए. )।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव में स्वीप संध्या आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और मुख्य अतिथि न्यायाधीश जे अब्दुल जाहिद ने दीपदान कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में मां-बेटी, दिव्यांग, ट्रांसजेडर, दादा-दादी, माता-पिता, बेटा-बहु, पोता-पोती, 75 से अधिक उम्र के बुजुर्ग समेत सभी वर्गों ने स्वीप संध्या आयोजन में शामिल हुए। साथ ही हाथों में मतदाता जागरूकता के लिए तख्ती लेकर रैंपवॉक के जरिए मतदान का संदेश दिया।




इस स्वीप कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश जाहिद ने सभी नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मतदान हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण अधिकार है। मतदान हमारे देश की ख्याति बढ़ाने का काम करेगी। हर व्यक्ति को मतदान करना आवश्यक है। रायपुर कलेक्टर सिंह ने कहा कि मतदान हर व्यक्ति का कर्तव्य है। जिम्मेदारी हर व्यक्ति को निभानी है। चाहे गांव हो, चाहे शहर के लोग सभी को एक दिन समय निकालकर मतदान अवश्य करना है। इस कार्यक्रम में अन्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### बुजुर्गों ने किया रैंपवॉक

रायपुर में स्वीप संध्या के आयोजन पर 75 से अधिक उम्र के बुजुर्गों ने भी रैंप वॉक किया और हाथों में तख्ती लेकर रैंप पर चलते हुए नजर आए। अधीर भगवनानी और जया भगवानानी के रैंप वॉक काफी आकर्षक का केंद्र रहा है।

### मतदान करने लंदन से रायपुर पहुंची

रायपुर की प्रियंका मिश्रा सात समंदर पार कर लंदन से मतदान करने के लिए रायपुर पहुंची है। उन्होंने स्वीप संध्या के आयोजन पर हाथ में ट्रॉली बैग लेकर विदेशी लुक में मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए रैंप वॉक की। उनका रैंप वॉक काफी लोगों ने सराहा

### आकर्षण का केंद्र रहा तीन पीढ़ियों का रैंपवाक

मतदाता जागरूकता के लिए तीन पीढ़ियों ने रैंपवॉक कर मतदान का संदेश दिया। दादा-दादी, बेटा-बहु, पोता-पोती ने हाथों में मतदाता जागरूकता की तख्ती लेकर मतदान का संदेश दिया। साथ ही महिलाएं, बुजुर्ग, ट्रांसजेंडर, दिव्यांग हर वर्ग के लोगों ने रैंप वॉक के जरिए मतदान का संदेश दिया।

# छत्तीसगढ़ में फिर गरमाया धर्मांतरण का मुद्दा

## हिंदू संगठन ने खोला मोर्चा, जमकर हुई धक्का-मुक्की

**रायपुर ( ए. )।** वर्तमान समय में धर्मांतरण एक बड़ा मुद्दा बन चुका है एक तरफ धर्मांतरण करने का कुछ अल्पसंख्यक धर्म प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी तरफ बहुसंख्यक समाज के सामाजिक कार्यकर्ता धर्मांतरण को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। राजनांदगांव रिद्धि सिद्धि स्थित कॉलोनी केरला समाज भवन में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। केरल समाज के भवन में बहुत दिनों से धर्म परिवर्तन संबंधी कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही थी। जिसकी बाद कॉलोनी वालों की शिकायत के बाद बजरंग दल और वार्ड नंबर 45 के पार्षद और अन्य हिंदू संगठन नेता केरल समाज भवन पहुंचकर धर्मांतरण संबंधी गतिविधियों को बंद कराया और पुलिस को शिकायत की गई है।

इस मामले को लेकर वार्ड नंबर 45 रिद्धि सिद्धि स्थित केरला के पार्षद गगन ने बताया कि बहुत दिनों से शिकायत मिल रही थी। वहां एक भगवान विशेष का जोर-जोर से पूजा की जाती थी जिससे कॉलोनी निवासी और बच्चे घबराए थे। यहां जमकर कर




शोर होता था। जिसमें अन्य धर्म के भी लोग शामिल थे। पार्षद ने मामले में धर्म परिवर्तन के लिए गरीबों को पैसे का प्रलोभन देने का आरोप लगाया है।

वहीं विश्व हिंदू परिषद के अरुण गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूत प्रेत बाधा के नाम से एक हिन्दू धर्म के भोले भाले लोगो को केरला भवन में लाया जाता था । जिसमें केरल से भी आये कई व्यक्ति शामिल होते है। साथ ही आरोप लगाया कि केरला भवन में भोले भाले व्यक्ति के साथ मारपीट कर बाइबल भी पढ़ाई जाती है और उनको एक ईसाई धर्म को अपनाने के लिए छल कपट के माध्यम से प्रयास किया जाता है। धर्म परिवर्तन के लिए प्रलोभन दिया जाता है। अरुण गुप्ता ने आरोप लगाया है यह विदेशी ताकत है जिसमें राजनांदगांव से लड़ने वाले एक पार्टी के सांसद प्रत्याशी भी शामिल है।

इसके साथ ही मोहल्ले वासी गायत्री साहू ने बताया उनके घर के बाजू में केरला भवन है जहां रोज खूब हल्ला गुल्ला होता है और यीशु मसीह की प्रार्थना होती है। यहां भोले भाले लोगों को बुलाया जाता है और उनका धर्म परिवर्तित कराया जाता है।

वहीं इस मामले को लेकर धर्म परिवर्तन का आरोप प्रभा पर लगा है। प्रभा का कहना है कि हमारी प्रार्थना से लोगों को लाभ पहुंचता है जैसे एक डॉक्टर की दवाई से किसी को लाभ पहुंचता है तो लोग एक दूसरे को बताते हैं। यहां आपने आप लोग हमारे पास अपने इलाज के लिए पहुंचते हैं। इस मामले को लेकर समाज के लोग थाने में पहुंचकर केरल भवन में घुसकर तोड़फोड़ का आरोप लगया है। उन्होंने कहा कि हम केरला भवन आये लोगो की लिए शांति के लिए पूजा करते है। मन की शांति और भूत प्रेत बाधा बघाने के लिए लोग हमसे दूर-दूर से इलाज लेने आते हैं और हमारा काम किसी के धर्म को परिवर्तित करना नहीं है।

इस मामले को लेकर बसंतपुर टीई ने बताया कि हमें मोहल्ले वासी और हिंदू संगठन द्वारा शिकायत मिली थी कि केरला भवन में अंधविश्वास फैला कर भूत प्रेत बाधा भागने के नाम पर ईसाई सभा का आयोजन किया जाता है और वहां पर धर्म परिवर्तन का काम किया जाता है ऐसी शिकायत मिली है।

# मतदान सुविधा केन्द्र को दिया आकर्षक स्वरूप




**रायपुर ( ए. )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता अधिक से अधिक वोट करने के लिए प्रोत्साहित हो इसलिए इसे पर्व के रूप में मनाया जा रहा है और इसे चुनई तिहार भी कहा जा रहा है। चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस और नगर सेनानी के मतदाताओं के लिए पुलिस लाईन के सामुदायिक भवन में विशेष सुविधा केन्द्र बनाये गए है, इस मतदान सुविधा केन्द्र को विशेष साज-सज्जा करके चुनई मड़वा का रूप दिया गया। आदर्श मतदान केंद्र में मेडिकल फैसिलिटी मुहैया कराई गई वही पेयजल और अन्य सुविधा भी दी गई। सेल्फी जोन बनाये गए है, जहां पर मतदाता वोट करके सेल्फी लेते रहे।

इस मतदान सुविधा केन्द्र में पुलिस और होमगार्ड के मतदाताओं द्वारा 27 एवं 28 अप्रैल को मतदान किया गया। पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में मतदाता सुविधा केंद्र स्थापित में धरसींवा, रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर पश्चिम, रायपुर उत्तर, रायपुर दक्षिण, आरंग, अभनपुर और बलौदाबाजार विधानसभा के मतदाताओ ने मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि हमारे जो सुरक्षा कर्मी और नगर सैनिक हैं जो चुनाव में ड्यूटी करेंगे उन्होंने वोट डालकर अपना दायित्व पूरा किया। कलेक्टर ने कहा कि जो निर्वाचन कार्य में संलग्न है वे लोग अपना शत् प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें ऐसे कर्मचारी जो बूथ में ड्यूटी करते हैं वह अपने इडीसी के माध्यम से अपने मत का प्रयोग करें और जो फील्ड के अधिकारी हैं वो डाक मत पत्र के माध्यम से मतदाता सुविधा केंद्र में आकर शत प्रतिशत मतदान करें। पोस्टल बैलेट के नोडल अधिकारी श्री ब्रिजेश क्षत्री ने बताया कि पुलिस लाईन में स्थित सुविधा केन्द्र में अन्य सुविधाएं मुहैया करायी गई है, ताकि मतदाताओं को सुखद अनुभूति हो।



### नालों की सफाई में जुटा निगम

*रायपुर* (ए.)। रायपुर नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम की सफाई टीम नाले-नालियों की सफाई में जुटा हुआ है। इसके लिए पोकलेन की भी मदद ली जा रही है। आगामी बरसात के सीजन के मद्देनजर शहर नाले ङ्क नालियां जाम ना हो जाएं। इसकी तैयारी निगम ने अभी से शुरू कर दी गई है। सभी 10 जोनों के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ ही जोन कमिश्नरों को भी जिम्मेदारी दी गई है। देवेन्द्र नगर नाले में सफाई के लिए पोकलेन उतारा गया। नारायणा नाले की भी सफाई की जा रही है। जोन क्रमांक-3 क्षेत्र की जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने नाले की सफाई का निरीक्षण किया। इधर रामनगर नाले की सफाई कार्य भी लगातार जारी है। जोन क्रमांक क्षेत्र के चिंगरी नाले की भी सफाई की जा रही है। निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने बताया कि नालों में कचरों के कारण जलभराव की स्तिथि आ जाती है। इससे निपटने इनकी लगातार सफाई के उन्होंने निर्देश दिए हैं।

### बृजमोहन ने आरंग क्षेत्र में किया जनसंपर्क

**रायपुर** (ए.)। लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने गांव-गांव जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को आरंग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंदिर हसौद मंडल, आरंग मंडल और समोदा मंडल के पलौद, लाखौली, रसनी, बैहरा, अमेठी, गुल्लू, रानी सागर, बनरसी, कोसरंगी, चोरभट्ठी, तुलसी, कुसमुंद, समोदा और चपरीद गांव की जनता से राष्ट्रहित में भाजपा को वोट देने की अपील की। इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब, सनम जांगड़े, मंदिर हसौद मंडल अध्यक्ष कृष्णा वर्मा, आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु, समोदा मंडल अध्यक्ष नंदकुमार साहू समेत युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के हजारों कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए।

# छत्तीसगढ़ में उत्तर व दक्षिण के सीमांत क्षेत्रों में बारिश के आसार, बढ़ेगा तापमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अप्रैल के अंत में हो रहे मौसम में परिवर्तन ने कुछ हद तक लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई है। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को भी इसका क्रम जारी रहने के आसार हैं। साथ ही उत्तरी व दक्षिणी छत्तीसगढ़ के सीमांत क्षेत्रों के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। इसके अलावा एक दो स्थानों पर तेज अंधड़ के साथ ही गरज-चमक के साथ वज्रपात होने के भी संकेत हैं।



प्रदेश में अगले 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, जबकि इसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक गिरावट हो सकती है। साथ ही राजधानी में सोमवार को मौसम आंशिक मेघमय रहने की संभावना है और अधिकतम तापमान 40 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के संकेत हैं।

इसी बीच रविवार को राजधानी सहित छत्तीसगढ़ के कई हिस्सों में मौसम मेघमय रहा और तापमान भी नीचे गिरा, जिसकी वजह से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। साथ ही एक दो स्थानों पर बहुत हल्की वर्षा भी दर्ज की गई। वहीं, प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दंतेवाड़ा में, जबकि न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री सेल्सियस नारायणपुर में दर्ज किया गया।

एक पश्चिमी विक्षोभ 65 डिग्री पूर्व और 18 डिग्री उत्तर में स्थित है। वहीं, एक द्रोणिका उत्तर पूर्व झारखंड से दक्षिण छत्तीसगढ़ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। साथ ही प्रदेश में नमी का आगमन लगातार जारी है। इसकी वजह से सोमवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

गायत्री परिवार से जुड़कर करोड़ों लोग अपने जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति कर रहे हैं

# यह सनातन जागरण का समय चल रहा है : बृजमोहन

**रायपुर ( ए. )।** शांतिकुंज गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एक बड़े युग प्रवर्तक थे। जिन्होंने सनातन को जागृत करने का कार्य किया है। मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भी उनके बताए रास्ते पर चलते हुए कार्य कर रही है। यह बात रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजभान अग्रवाल ने रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर गायत्री परिवार द्वारा बृजमोहन अग्रवाल का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि श्रीराम शर्मा आचार्य एक बहुत बड़े युग प्रवर्तक थे। जिन्होंने सनातन की जागृति और पुनर प्रतिष्ठा का काम किया। आज भी गायत्री परिवार से जुड़कर करोड़ों लोग अपने जीवन में सुख और शांति की प्राप्ति कर रहे हैं।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि वह भी




कई दशकों पहले गायत्री परिवार से जुड़े थे जिसके बाद से उनके जीवन में भी काफी सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने यह भी कहा कि, गायत्री परिवार का हमेशा से ही उनको पूर्ण सहयोग मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि, करीब 500 साल बाद अयोध्या में प्रभु राम लला का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। यह सनातन जागरण का समय चल रहा है। आप सभी इसमें सहयोग दें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर गायत्री मंदिर समता कॉलोनी के मुख्य ट्रस्टी श्याम बैस, सदाशिव हतमल, दीनानाथ शर्मा, हनुमान प्रसाद शर्मा समेत परिवार के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### शहर के गार्डन चौक में लगाया गया प्याऊ घर

**बलौदाबाजार/रायपुर ( ए. )।** नर सेवा ही नारायण सेवा है और पर्यावरण की रक्षा हमारा कर्तव्य है इसी धेय्य के साथ बलौदा बाजार जिले में काम करने वाली श्री गुरुजी सेवा समिति द्वारा लगातार बढ़ती भीषण गर्मी में बलौदाबाजार नगर के गार्डन चौक और बस स्टैंड में लोगों के प्यास बुझाने के लिए प्याऊ घर की शुरुवात किया गया। साथ ही भीषण गर्मी में पक्षियों को पानी पिलाने के लिए लोगो निः शुल्क मिट्टी के बर्तन बॉटकर पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवशर पर समिति के अध्यक्ष खोडस राम कश्यप उपाध्यक्ष राजनारायण केशरवानी सचीव शालीन साहू सह सचीव रघुनंदन बघमार, शिवशंकर अग्रवाल, नुतन सेन, रूद्र चन्द्रवंशी, माखन लाल वर्मा, सुशील सराफ आदि उपस्थित रहें।















# एक मई को धूम मचाएगा इंडियन-2 का पहला गाना

## सेनापति के रूप में कमल हासन के किरदार का होगा खुलासा



कमल हासन की आगामी फिल्म इंडियन 2 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। शंकर शनमुगम के निर्देशन में बन रही फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसक सेनापति के रूप में कमल हासन को बड़े पर्दे पर वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज नजदीक आ रही है, निर्माता फैंस का उत्साह बढ़ाने के लिए इंडियन 2 की जानकारियां साझा कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म से कमल हासन के पोस्टर जारी हुए थे। वहीं, अब फिल्म के पहले गाने के बारे में जानकारी सामने आई है।

फैंस फिल्म के पहले गाने की रिलीज का भी उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं। खबर है कि इस हफ्ते फिल्म का पहला गाना रिलीज हो सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इंडियन 2 का पहला सिंगल ट्रैक 1 मई को रिलीज होने की संभावना है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित इंडियन 2 का पहला ट्रैक थाथा वररू बताया जा रहा है। इस ट्रैक के बोल सेनापति उर्फ इंडियन थाथा के रूप में कमल हासन की वापसी की घोषणा करेंगे।

इस गाने के अलावा निर्माताओं ने कथित तौर पर फिल्म के ऑडियो लॉन्च के कुछ ट्रैक का अनावरण करने की योजना बनाई है। कथित तौर पर इसे मई में करने की योजना बनाई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं को बहुप्रतीक्षित किस्त की उम्मीदों को बढ़ाने के लिए एक प्रचार योजना के साथ आने की उम्मीद है।

कमल हासन ने 1996 की फिल्म इंडियन में दो भूमिकाएं निभाईं, एक पिता की और एक उनके बेटे की। पिता को एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में चित्रित किया गया था, जो देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सजग व्यक्ति के रूप में भी काम करते हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही और अच्छी कमाई की। वहीं अब कहा जा रहा है कि इंडियन 2 में भाग एक की कहानी को आगे बढ़ाया जाएगा।

# निकिता दत्ता की बोल्ड साड़ी लुक ने फैंस को किया घायल

## हुस्न का जलवा देख बढ़ी धड़कनें



बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता अपनी एक्टिंग से ज्यादा फैशन स्टेटमेंट्स के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देख कर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। इन तस्वीरों में उनका परफेक्ट साड़ी लुक फैंस के दिलों में खंजर चला रहा है। निकिता दत्ता आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तबाही मचाने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इस बार एक्ट्रेस ने एथनिक का ओवरडोज तड़का लगाया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने पिंक कलर की सैटिन साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद गॉर्जियस नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके लुक्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं। ओपन हेयर को कर्ली स्टाइल लुक देकर एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। साथ ही अपने लुक से लोगों को दीवाना बना रही हैं। एक्ट्रेस के इस लुक को देखकर फैंस लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार लूटा रहे हैं। एक यूजर ने उनकी इन तस्वीरों पर रिएक्शन देते हुए लिखा है- टू हॉट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- कयामत लग रही हो। फिर तीसरे यूजर ने कॉमेंट किया- ब्यूटिफुल। बता दें कि एक्ट्रेस ने कबीर सिंह में जिया शर्मा का किरदार निभाया था। इस फिल्म में लोगों ने उनकी एक्टिंग को काफी पसंद भी किया था।

# शादी के बाद पहली बार बन ठनकर बाहर निकलीं आरती व पति दीपक



गोविंदा की भांजी और एक्ट्रेस आरती सिंह शादी के बाद पहली बार पति के साथ बाहर निकलीं। आरती ने पति दीपक चौहान संग पपाराजी को खूब पोज दिए और खूबसूरत लग रही थीं। आरती ने लाल साड़ी पहनी थी और उनकी मांग में लाल रंग का सिंदूर काफी दमक रहा था।

गोविंदा की भांजी और एक्ट्रेस आरती सिंह हाल ही शादी के बंधन में बंधीं, जिसमें बॉलीवुड और टीवी जगत के कई सितारे शामिल हुए। खुद गोविंदा भी भांजी को आशीर्वाद देने पहुंचे और जब आरती की विदाई हुई तो उनके आंसू छलक पड़े थे। खैर, शादी हो गई और अब दुल्हनिया आरती सिंह अपने ससुराल में मशगूल हो गई हैं। शादी के बाद वह पहली बार पब्लिक में नजर आईं और पति का हाथ थामे पपराजी को पोज दिए। आरती सिंह को हाल ही पति दीपक चौहान के साथ पपाराजी ने स्पॉट किया। मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र पहने आरती बेहद सुंदर लग रही थीं। उन्होंने लाल रंग की साड़ी और हाथों में चूड़ा पहना था। खुले बालों को लहराते हुए आरती और दीपक सड़क क्रॉस कर रहे थे और आगे बढ़े तो पपराजी को देख मुस्कुरा दिए। फिर दोनों ने मिलकर पोज दिए।

### भांजी की विदाई पर रो पड़े थे गोविंदा, दिया आशीर्वाद

आरती सिंह ने बिजनेसमैन बॉयफ्रेंड दीपक चौहान के साथ 25 अप्रैल को शादी की थी। शादी की हर रस्म की तस्वीरें और वीडियो अब तक सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। यह शादी गोविंदा के कारण भी चर्चा में बनी रही। कई साल से कृष्णा अभिषेक और मामा गोविंदा के बीच अनबन चल रही थी। लेकिन गोविंदा सारे गिले-शिकवे भुलाकर भांजी आरती की शादी में पहुंचे और आशीर्वाद भी दिया था। हालांकि वह हल्दी, संगीत और मेहंदी की रस्म में कहीं नजर नहीं आए। वहीं पत्नी सुनीता आहूजा किसी भी फंक्शन में नहीं पहुंचीं।

# गोरी मेम आपको क्या हुआ', एक्ट्रेस बोलीं जिंदगी हमेशा एक जैसी नहीं होती



टेलीविजन इंडस्ट्री की नामी एक्ट्रेस सौम्या टंडन ने अपनी कॉमेडी से लोगों को हंसा हंसाकर खूब लोटपोट किया। सीरियल भाबीजी घर पर हैं में गोरी मेम बनकर सौम्या टंडन ने लंबे समय तक ऑडियंस को एंटरटेन किया। वह इसी नाम से फैंस के बीच खासा फेमस हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर की जिसे देखने के बाद फैंस परेशानी में आ गए हैं।

'भाबीजी घर पर हैं' से घर-घर में फेमस हुईं सौम्या टंडन सोशल मीडिया पर अच्छी फैन फॉलोइंग एन्जॉय करती हैं। सौम्या न सिर्फ एक्ट्रेस हैं, बल्कि एंकरिंग में भी महारथ हासिल की है। उन्होंने जब से 'भाबीजी...' शो छोड़ा है, तब से फैंस उन्हें शो में मिस कर रहे हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर किया, जिसने देख उनके फैंस टेंशन में आ गए हैं।

### सौम्या टंडन की बिगड़ी तबीयत

सौम्या टंडन ने छोटे पर्दे की दुनिया में खूब नाम कमाया है। इस क्रिएटिव फील्ड में उन्हें तारीफ सिर्फ एक्टिंग के लिए ही नहीं, बल्कि खूबसूरती के लिए भी मिलती है। लाखों दिलों की धड़कन सौम्या टंडन को लेकर हाल फिलहाल में अच्छी खबर नहीं आई है। एक्ट्रेस ने हॉस्पिटल से खुद की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसी के साथ उन्होंने भावुक करने वाला पोस्ट लिखा है।

### हॉस्पिटल से शेयर की ये तस्वीरें

सौम्या टंडन ने इंस्टाग्राम पर हॉस्पिटल बेड से अपनी कुछ फोटोज शेयर कीं। उनके हाथ में ड्रिप लगी नजर आ रही है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'तस्वीरें हमेशा सुंदर नहीं होतीं और जिंदगी हमेशा मुस्कुराती नहीं है। रिकवरी हो रही है और जल्द ही फिट होकर आउंगी। आपकी वेल विशेज के लिए दिल से शुक्रिया।'

### फैंस हुए परेशान

सौम्या टंडन को इस हालत में देख फैंस चिंतित हो उठे हैं। एक ने पूछा 'गोरी मेम ये आपको क्या हुआ?' एक यूजर ने लिखा, 'मुझे उम्मीद है कि कुछ सीरियस नहीं होगा। आपको ढेर सारा प्यार और शुभकामनाएं।' एक ने तो उनके लिए 'थ्री इडियट्स' का गाना 'जाने नहीं देंगे तुझे' तक पोस्ट किया। फैंस ने एक्ट्रेस की स्पीडी रिकवरी की कामना की है।

# रिलीज के पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर फुस्स हुई रुस्लान

बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों कड़की का दौर छाया हुआ है। हाल ही में रिलीज हुई कई फिल्में टिकट खिड़की पर औंधे मुंह गिरी हैं। यहां तक कि अजय देवगन की मैदान और अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां भी फ्लॉप हो गई। इन सबके बीच आयुष शर्मा की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'रुस्लान' इस शुक्रावर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई ।

इस फिल्म का जमकर प्रमोशन किया गया था हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद इसे भी दर्शकों का बेहद ठंडा रिस्पॉन्स मिला है। रिलीज के पहले ही दिन ये फिल्म थिएटर्स में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आई। चलिए यहां जानते हैं 'रुस्लान' ने रिलीज के पहले दिन कितना कलेक्शन किया है?

सलमान खान की बहन अर्पिता के पति और एक्टर आयुष शर्मा ने पहली बार सलमान खान प्रोडक्शन से बाहर की फिल्म 'रुसलान' की है। इससे पहले आयुष 'लवयात्री' और 'अंतिम' में नजर आए थे। 'रुसलान' के ट्रेलर को बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म के लिए आयुष ने भी बहुत मेहनत की है। 'रुसलान' में उनके लुक के खूब चर्चे हो रहे हैं। वहीं इस फिल्म की अच्छी एडवांस बुकिंग भी हुई थी। जिसके बाद लग रहा था कि 'रुस्लान' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म करेगी। हालांकि आयुष शर्मा की इस फिल्म की पहले दिन की परफॉर्मेंस बेहद निराशाजनक रही हैं। वहीं अब 'रुस्लान' की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी आ गए हैं।




सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'रुस्लान' ने रिलीज के पहले दिन महज 60 लाख की कमाई की है। हालांकि ये अर्ली एस्टीमेट है ऑफिशियल नंबर्स आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है।

'रुस्लान' की ओपनिंग बेहद ठंडी रही है। फिल्म पहले दिन 1 करोड़ की कमाई भी नहीं कर पाई। 'रुस्लान' की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस देखते हुए उम्मीद कर लग रही है कि ये फिल्म वीकेंड पर भी अच्छा कलेक्शन कर पाएगी। हालांकि मेकर्स को उम्मीद है कि 'रुस्लान' की कमाई में शनिवार और रविवार को उछाल आएगा। फिलहाल देखने वाली बात होगी कि क्या ये फिल्म आयुष शर्मा के करियर को किस दिशा में ले जाती है।

'रुस्लान' की स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में आयुष शर्मा ने लीड रोल प्ले किया है। फिल्म की अन्य स्टार कास्ट में सुश्री मिश्रा, विद्या मालदवे और जगपति बाबू सहित कई कलाकारोंन अहम रोल प्ले किया है। इस फिल्म का निर्देशन करण भूटानी ने किया है।

# आमिर को पंजाब में हुआ 'नमस्ते' की 'ताकत' का एहसास

## बोले- मुस्लिम होने के नाते आदाब करने की है आदत

बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के दौरान फिल्म दंगल की शूटिंग के दौरान हुई एक घटना के बारे में बताया। जब उन्हें हाथ जोड़कर नमस्कार करने की ताकत समझ आई थी। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान अपने अभिनय के अलावा अपने आचरण से भी सभी के दिलो पर राज करते आए हैं। हाल ही में आमिर खान 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' में शिरकत करने गए। इस दौरान आमिर ने कई मुद्दों के बारे में बताया। लेकिन जब बात पंजाब की आई तो आमिर ने तुरंत अपना एक किस्सा सुनाया। दरअसल, आमिर की फिल्म 'दंगल' की ज्यादातर शूटिंग पंजाब में हुई है। आमिर ने बताया कि जब वह पंजाब में शूटिंग करने जाते थे तो लोग उन्हें अपने दरवाजों पर खड़े रहकर उन्हें हाथ जोड़कर नमस्ते किया करते थे।



### दंगल की शूटिंग को किया याद

आमिर खान ने कपिल शर्मा के शो पर बताया कि जब अपनी फिल्म 'दंगल' की शूटिंग कर रहे थे, तो उन्हें वहां पर बहुत अच्छा लगा। आमिर ने कहा, 'पंजाब के लोग बहुत अच्छे और प्यारे हैं उन्होंने ना ही मुझे कभी परेशान किया और ना ही कभी किसी भी तरह की कोई दिक्कत खड़ी हुई।'' आमिर ने बताया जब भी वह सुबह फिल्म की शूटिंग के लिए जाते थे तो लोग उनको हाथ जोड़कर नमस्कार करते थे और जब वह रात में शूटिंग से वापस आते थे तब भी पंजाब के लोग उन्हें हाथ जोड़कर गूट नाइट किया करते थे। पंजाब के लोगों का नमस्कार और गूट नाइट करने का सिलसिला तकरीबन डेढ़ महीने तक चला।

### पंजाब के लोग है प्यारे...

'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' के शो में बैठे सरदारों को देखकर आमिर ने कहा कि आप लोग बहुत अच्छे हैं। आगे आमिर ने बताया कि 'दंगल' फिल्म की शूटिंग के दौरान पंजाब के लोगों ने उन्हें कभी भी किसी भी तरह से कोई परेशानी नहीं दी थी। वह सभी लोग अपने दरवाजों पर चुपचाप खड़े होकर हाथ जोड़कर नमस्कार किया करते थे। आमिर ने कहा कि, 'मैं मुसलमान हूं तो मेरी हाथ जोड़ने की आदत नहीं है। मेरी हाथ उठाकर सलाम करने की आदत है। आदाब करने की आदत है''। लेकिन उन डेढ़ महीनों के शूट के दौरान मुझे सिर झुकाकर हाथ जोड़ने की ताकत समझ में आई।

### आमिर की आने वाली फिल्म

वर्कफ्रंट की बात करे तो आमिर जल्द ही 'महाभारत' महाकाव्य पर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म को आमिर खान और निर्देशक एसएस राजामौली साथ मिलकर बनाएंगे। इसके अलावा आमिर खान 'लाहौर 1947' का निर्माण करेंगे। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में नजर आएंगे। आमिर खान साउथ की फिल्मों में भी नजर आ सकते है। इस फिल्म का नाम होगा 'एनटीआर 31'। हालांकि अभी इस फिल्म को लेकर आमिर की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

# जानें केला खाना कब खतरनाक, क्यों शरीर के लिए जहर बन जाता है

केला वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करता है। चूंकि वात बिगड़ने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है। हालांकि, कई बार केला खाना नुकसान कर सकता है। केला वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करता है। चूंकि वात बिगड़ने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं ऐसे में केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है हालांकि, कई बार केला खाना नुकसान कर सकता है। केला खाने से एक-दो नहीं बल्कि 80 तरह की बीमारियां दूर हो सकती है। यह काफी पौष्टिक और फायदेमंद फल है। इसे खाने से शरीर ताकतवर बनता है और कई तरह समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है।

हालांकि, कई बार यह खतरनाक भी हो सकता है और सेहत को नुकसान पहुंचाने लगता है। यही कारण है कि आयुर्वेद में कुछ लोगों को केला खाने से मना किया जाता है। आइए जानते हैं किन लोगों को केला भूलकर भी नहीं खाना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, केला सेहत का सच्चा दोस्त होता है। यह पौष्टिक तत्वों का खजाना होता है। इसमें विटामिन सी, फाइबर, पोटैशियम, मैंगनीज, विटामिन बी 6, एंटीऑक्सीडेंट ग्लूटाथियोन, फेनोलिक्स, डेल्फिडिनिन, रुटिन और नारिंगिन पाया जाता है, जो वात पित्त दोष को बैलेंस करने का काम करते हैं। आयुर्वेद कहता है कि वात के बिगड़ने से करीब 80 तरह की बीमारियां हो सकती हैं। इसमें



ड्राइनेस, हड्डियों में गैप, कब्ज जैसी कई समस्याएं हैं। इसलिए केला खाने से इन सभी से बचा जा सकता है। वैसे तो केला हर किसी को फायदेमंद माना जाता है। हालांकि, आयुर्वेद के अनुसार, केले की प्रकृति ठंडा होता है और यह पचने में हैवी होता है। केला लुब्रिकेशन का काम भी करता है। अगर किसी की बॉडी ड्राई रहती है या हमेशा थकान लगती है तो उसे केला खाना चाहिए। इसके अलावा अच्छी नींद न आने, गुस्सा आने, बहुत प्यास लगने, शरीर जलन होने पर केला खाना चाहिए। आयुर्वेद के मुताबिक, केला कफ दोष को बढ़ा देता है। इसलिए जिनका कफ ज्यादा है, उन्हें केला गलती से भी नहीं खाना चाहिए। क्योंकि कफ के बढ़ने से जठराग्नि कमजोर है तो यह उसे स्लो कर देगा। अगर किसी की चर्बी ज्यादा है, खांसी-जुकाम की समस्या है और कोई दमा का मरी है तो उसे केला नहीं खाना चाहिए।

# देश-समाज की सेवा में रोटरी क्लब का योगदान सराहनीय : राज्यपाल हरिचंदन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने डिस्ट्रिक रोटरी एसेंबली का उद्घाटन करते हुए कहा कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। इस उक्ति को रोटरियंस ने चरितार्थ किया है। देश व समाज की सेवा में उनका योगदान सराहनीय है। रोटरी क्लब ऑफरायपुर ग्रेटर की मेजबानी में दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग एसेंबली 'संकल्प' का आयोजन रायपुर के एक निजी होटल में किया गया है, जिसका उद्घाटन शनिवार को राज्यपाल हरिचंदन ने किया।



इस अवसर पर उन्होंने रोटरी क्लब के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि ओडिशा में वर्ष 1999 में आई प्राकृतिक आपदा हो या कोविड-19 महामारी हो, प्रत्येक आपदा में बढ़-चढ़कर मदद की है। जहां भी जरूरत पड़ी रोटेरियंस पीछे नहीं रहे। पोलियो उन्मूलन में भी उनकी वैश्विक भूमिका रही है। राज्यपाल ने कहा कि यह संगठन स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और गरीबी उन्मूलन के लिए निःस्वार्थ भाव से काम करता है। समाज की बेहतरी के लिए वे हमेशा तत्पर रहते हैं।

आपको सेवा का जो अवसर मिला है, उसका भरपूर उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनजीत अरोरा ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (2024-25) अखिल मिश्रा ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी रोटेरियन ने निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। राज्यपाल के आगमन पर उनका स्वागत पारंपरिक लोक नृत्य से किया गया। कार्यक्रम में प्रोग्राम चेयरमैन संकल्प वरवनकर, सचिव विनय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल सहित रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं रोटेरियन्स उपस्थित थे। सभा में रोटरी डिस्ट्रिक्ट के अंतर्गत आने वाले छत्तीसगढ़, महाकोशल और पश्चिमी ओडिशा क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल थे।

## खास खबर

### शॉप टू शॉप पहुंचकर बीएड प्रशिक्षणार्थी दे रहे मतदान के संदेश का ग्रीटिंग कार्ड

**अम्बिकापुर।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में जारी मतदाता जागरूकता अभियान की कड़ी में सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय अंबिकापुर के द्वारा शॉप टू शॉप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रद्धा मिश्रा एवं नोडल अधिकारी रानी रजक के नेतृत्व में शुरू कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शॉप टू शॉप यानी हर दुकान में जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाना है,जिसके लिए महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता ग्रीटिंग कार्ड का निर्माण किया गया जिसमें उन्होंने मतदान के प्रति अपने-अपने विचारों को अंकित किया तथा मतदान के प्रति सभी नागरिकों को जागरूक करने हेतु स्लोगन व विचारों को अंकित करते हुए मतदान का महत्व बताया है। हम सभी को मतदान करना ही चाहिए, यदि हम मतदान नहीं करते हैं तो हमारा कर्तव्य पूरा नहीं होगा इसलिए हम सभी को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। यह कार्यक्रम अंबिकापुर नगर के व्यावसायिक वर्ग को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागृत करने के लिए है। मतदाता जागरूकता के लिए निर्मित किया गया यह कार्ड शॉप टू शॉप जाकर दिया जाएगा। नोडल अधिकारी रानी रजक द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को मतदाता जागरूकता संबंधित विभिन्न प्रकार के गतिविधियों के बारे में बताया गया और कहा गया कि हमें नवीन गतिविधियों के माध्यम से सभी नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरुक करना होगा तथा उनके सामने इस प्रकार के गतिविधि लानी होगी जिसे देखकर वह जागरूक हो सके एवं शत प्रतिशत मतदान करने में अपना योगदान निश्चित करें। इसी की ओर कदम बढ़ाते हुए महाविद्यालय के समस्त प्रशिक्षणार्थियों ने नोडल अधिकारी के द्वारा दिए गए समस्त दिशा निर्देश को समझा तथा सभी ने मिलकर शपथ लिया कि वह शत प्रतिशत मतदान इस वर्ष अवश्य करेंगे और सभी को शत प्रतिशत मतदान किए जाने हेतु अपील की गई।

### नमस्कार, जय जोहार 7 मई को वोट डालने जरूर आइये : कलेक्टर

**कोरिया।** जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए जिला निर्वाचन आयोग गांव, कस्बा, शहर व दूरस्थ मतदान केंद्रों में जाकर मतदाताओं को 7 मई को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन विनय कुमार लंगेह ने जिले से अन्य प्रदेश में काम करने गए लोगों से वीडियो कॉल करके कोरिया आने का आमंत्रण करते हुए मतदान दिवस के दिन मतदान करने के लिए आग्रह भी की। ग्राम पंचायत जूनापारा निवासी वर्षा प्रजापति जो बेगूसराय, बिहार के होटल में कार्य कर रही है, उनसे बात करते हुए लंगेह अपील की कि 7 मई को होने वाले मतदान में जरूर भाग लें और यहाँ शतप्रतिशत मतदान का हिस्सा बने। कलेक्टर लंगेह ने वीडियो कॉल पर बात कर उनसे लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व पर सहभागिता निभाने की अपील करते हुए 7 मई को होने वाले मतदान के लिए अवश्य अपने घर आने को कहा जिससे वे यहां अपना अमूल्य वोट दे सकें। इसी कड़ी में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने ग्राम अमरपुर निवासी राम कुमार से छत्तीसगढ़ी में कहा कि आप ल, अपन माटी के मान बढ़ाना हे, एखर खातिर मुंबई ले बोट डारे बर इहाँ जरूर आहू। मतदाता राम कुमार ने भी मुंबई से आकर वोट देने की सहमति दी है। कलेक्टर लँगह व डॉ. चतुर्वेदी ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अपने जान पहचान व पड़ोसियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लंगेह के मार्गदर्शन में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# मतदान जागरूकता के लिए राष्ट्रीय कला मंच ने बनाई 151 फीट की रंगोली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट के नाम से बनाई रंगोली देशभर मे तीन चरणों में चुनाव होने थे जिसमें दो चरणों में चुनाव हो चुके हैं आने वाले 7 मई को देशभर में आखिरी चरण में चुनाव हो रहे हैं जिसमें रायपुर लोकसभा के अंदर भी 7 मई में को ही चुनाव होंगे जिसके निमित्त राष्ट्रीय कला मंच द्वारा रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से रंगोली रायपुर के तेलीबांधा तालाब मरीन ड्राइव मैं बनाई गई।




रंगोली बनाने में रायपुर के कई कॉलेजेस के विद्यार्थियों की सहभागिता रही जिसमें मुख्य रूप से सिंधी गर्ल्स कॉलेज व पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह बताने की कोशिश की की वोटिंग का दिन केवल छुट्टी मनाने का दिन नहीं होता यह देश के प्रत्येक नागरिकों के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने का दिन होता है और यह भी बताने की कोशिश की की वोट डालना केवल हमारा अधिकार ही नहीं हमारी जिम्मेदारी भी है रिपोर्ट की माने तो यह देखा गया है की शहरों में वोटिंग परसेंटेज बहुत कम होता कुछ महीनों पहले ही छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हुए जिसमें सबसे कम वोटिंग परसेंटेज रायपुर के विधानसभाओ में ही थे। रंगोली के माध्यम से राष्ट्रीय कला मंच ने देश से जुड़े कई प्रमुख मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया जैसे निष्पक्ष विदेश नीति, धारा 370, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राम मंदिर, बेहतर इकोनामिक पॉलिसीस जैसे मुद्दे पर धयान कर वोट करना चाहिए। कार्यक्रम मे मुख्या रूप से गुनगुन भास्वनी, मुस्कान देवांगन , आकांशा साहू, कल्पना साहू , वीणा साहू, त्रिशला लादर ,रामजी , चित्रगुप्त, अन्वित,प्रथम, पंकज उपस्थित रहे।

## मतदान अधिकारी, मतदाताओं से शालीनता पूर्वक वार्तालाप करें : कलेक्टर

**कोरिया।** सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुंठपुर में 28 अप्रैल को 847 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। बता दें लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा संसदीय सीट के लिए 7 मई को मतदान होना है। इसके पहले आज सेंट जोसेफ इंग्लिश मीडियम, बैकुंठपुर में दो दिवसीय पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2 एवं 3 का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज 247 पीठासीन अधिकारी, 231 मतदान अधिकारी 1, 218 मतदान अधिकारी, 2 एवं 151 मतदान अधिकारी 3 का दो दिवसीय मतदान दल वार प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने परिक्षिणर्थियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान दिवस के दिन पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारियों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में मतदान अधिकारी बुजुर्ग, दिव्यांग व गर्भवती माताओ को प्राथमिकता के साथ मतदान केंद्र में वोट दिलवाएं। उन्होंने कहा कि सभी मतदाताओं से सहानुभूतिपूर्वक बातचीत करें, व्यवहार में किसी भी प्रकार की गुस्सा, क्रोध न दिखे और न ही किसी से करें।

जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने परिक्षिणर्थियो से कहा कि मतदान समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक है। ऐसे में मतदान अधिकारी एक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे मतदाताओं के नाम मिलाते समय सावधानी के साथ तेज गति के साथ कार्य संपन्न करें ताकि समय पर मतदान हो सके।

## बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल को मिला अंतिम प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 संसदीय क्षेत्र-7 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कन्या विद्यालय और पी.जी कॉलेज रूसा भवन में दिया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को दूसरे दिन विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के निर्वाचन ड्यूटी में लगे पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल क्रमांक 1,2 और 3 मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों ने अंतिम प्रशिक्षण दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ अनिल वाजपेई, सर्व एसडीएम व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रशिक्षण के दूसरे दिन कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा भी प्रशिक्षण केंद्र पहुंच कर प्रशिक्षण ले रहे मतदान दलों से रूबरू हुये और प्रत्येक कक्ष में जाकर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरिके से चुनाव कराने के टिप्स दिए तथा मास्टर ट्रेनर द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को देखा 7 कलेक्टर शर्मा ने कहा की मतदान दलों में नियुक्त सभी अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। निर्देशों, मतदान संबंधी नियम और कानूनों आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

## सरोज पाण्डेय का बयान महिलाओं के लिए अपमानजनक : ज्योत्सना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने भाजपा उम्मीदवार सुश्री सरोज पांडेय के द्वारा दिए गए बयान को प्रत्येक महिला के लिए निंदनीय कहा है। ज्योत्सना महंत ने कहा है कि मेरे निर्णय स्वयं के रहते हैं, इसमें महंत जी का कोई हस्तक्षेप नहीं होता।

हालांकि वे क्षेत्र के अनुभवी और बड़े जनप्रतिनिधि हैं, उनका मार्गदर्शन लेकर ही काम करती हूं और अपने पति से पूछ कर काम कर रही हूं तो इसमें टिप्पणी वाली कोई बात कैसे हुई। मैं तो अपने पति के कहने पर चल रही हूं लेकिन सरोज पाण्डेय बताएं कि वे किसके कहने पर चल रही हैं। इस तरह की बातें कहकर सरोज पांडेय ने हर उस महिला का अपमान किया है जो अपने पति के सहयोग से काम करती हैं/आगे बढ़ती हैं। ज्योत्सना महंत ने कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र में मेरी सक्रियता लगातार रही है और यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। ढाई साल कोरोना में बीत गए तो संक्रमण का फैलाव में सावधानी रखी गई। इस बीच 17 बार मेरा कोरबा आना हुआ जिसमें मेडिकल कॉलेज के सिलसिले में डीन से मुलाकात हुई। अगर मैं कोरबा ना आती तो क्या मेडिकल कॉलेज खुल जाता, स्वामी आत्मानंद स्कूल/कॉलेज की सौगात मिलती। और भी बहुत से कार्य हुए हैं।

चाहें तो मेरी उपस्थिति,मेरा रिकॉर्ड देखा जा सकता है लेकिन यह सब मैं सरोज पांडेय को क्यों बताऊं कि मेरा कोरबा कितनी बार आना हुआ है? आखिर वह भी तो कोरबा लोकसभा की पालक सांसद रही हैं, वह बताएं कि कब-कब वह अपने क्षेत्र में आई। जनता के दुःख-तकलीफ में, कोरोना कल में जब उनको आवश्यकता थी,तब भी वह दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आई। वे अभी चुनाव के समय यहां आकर प्रश्न कर रही हैं जबकि मैं तो 5 साल से सांसद रही हूं, अभी भी सांसद हूं और मैंने अपने संसदीय क्षेत्र में सक्रिय रहकर काम किया है, इसके लिए किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं जनता स्वयं जानती है।

सांसद ने कहा कि चुनाव के वक्त सरोज पांडेय कोरबा में टपक पड़ी हैं लेकिन बहुत ही जल्द जनता उनके अरमान बुलबुले की तरह फोड़ देगी। सांसद ने कहा कि सरोज पांडेय भी एक महिला हैं और उन्हें महिला से किस तरह का मर्यादित व्यवहार और बातचीत करना चाहिए, इतनी तो उनमें समझ होगी। वह बात-बात पर अनर्गल बयानबाजी करती जा रही हैं। एक राष्ट्रीय दल की राष्ट्रीय नेत्री और चुनाव में उम्मीदवार होने के बाद भी उनमें इतनी समझ नहीं है कि बात किस तरह से की जाती है। क्या उन्हें उनके बड़े नेताओं ने, जिनके कहने पर वे चल रही हैं बात करने का लहजा नहीं सिखाया है।

# सरगुजा लोकसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** भाजपा का सरगुजा लोकसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के मुख्य आतिथ्य में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक लाभचंद बाफ्ना की अध्यक्षता में स्थानीय मयूरा होटल सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि बतौर पूर्व सांसद प्रदीप गांधी भाजपा लोकसभा सरगुजा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज, पूर्व मंत्री राम सेवक पैकरा, सरगुजा संभाग प्रभारी राजा पांडे, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल, प्रतापपुर विधायक शकुंतला पोर्ते, लोकसभा संयोजक कमलभान सिंह, सह संयोजक अखिलेश सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर तथा भीमसेन अग्रवाल उपस्थित थे। व्यापारी सम्मेलन में सरगुजा, सूरजपुर तथा बलरामपुर जिले के




व्यापारियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई तथा सुझाव भी लिए गए।

इस अवसर पर संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि लोकसभा चुनाव के इस महायज्ञ में आप सभी का परिश्रम और महत्वपूर्ण योगदान होना चाहिए, आगे उन्होंने कहा कि हम सब भाजपा में विचारधारा के कारण है हमारे ऋषि मुनि और पूर्वजों ने भारतवर्ष के लिए जो सपना देखा था उसे साकार करने के लिए ही भारतीय जनता पार्टी की उत्पत्ति हुई है। आज विदेशी धरती पर रहने वाले भारतीय भी अपने देश के आगे बढ़ने पर गर्व करते हैं, हमें अपने देश के लिए 18 से 20 घंटा काम करने वाला कोई पहला प्रधानमंत्री मिला है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पहले चरण की चारों सीटें हम जीत रहे हैं , आने वाले चरणों में सभी सीटें जीतकर हम मोदी जी का हाथ मजबूत करेंगे।

इस अवसर पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए लाभचंद बाफ्ना ने कहा कि जो काम कोई न कर सका वह काम एक चाय वाले ने 10 साल में करके दिखा दिया, अच्छी नीति और नियत के कारण केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए इज्जत घर, बेघरों के लिए प्रधानमंत्री आवास गरीबों के लिए मुफ्त राशन और गरीब महिलाओं के लिए उज्जवला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन घर-घर पहुंचा दिया। यही नहीं प्रभु श्री राम का मंदिर उनके प्रयासों से न केवल अयोध्या में बना बल्कि उन्होंने दुबई में भी बनवाकर दिखा दिया।

आगे उन्होंने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल में मोदी जी के आह्वान पर देश के व्यापारी वर्ग ने आम जनता की बहुत मदद और सेवा की, केंद्र और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार व्यापारियों के हित में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। आगे उन्होंने व्यापारी वर्ग से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र व देशहित में अपना वोट दे कर मोदी जी का हाथ मजबूत करें। इस अवसर पर सरगुजा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी चिंतामणि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले दिनों जब अंबिकापुर आए थे तब उन्होंने सभा में कहा था कि पिछले दो कार्यकाल में जो काम हुआ वह मात्र एक ट्रेलर था पिक्चर तो अभी बाकी है, तो इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में देशहित में कितने बड़े बड़े काम होंगे। आगे उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है इसलिए इस बार चार सौ पर में सरगुजा का भी संपूर्ण योगदान होना चाहिए, आने वाले सात मई को अधिक से अधिक वोट पड़े यह आप सब एवं आमजनता से अपील है।

शहर के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट एच एस जायसवाल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश गौरवशाली भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जरूर ही विकसित राष्ट्र बनेगा।

### नारी वंदन योजना के कार्यक्रम मण्डलों में जारी

**कोरबा।** भाजपा व महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रत्येक मण्डलों में नारी वंदन योजना की जानकारी दे रहे है। प्रदेश सरकार के द्वारा योजना के तहत महिलाओं को एक-एक हजार रूपये मिल रहे है लेकिन कई महिलाएं नारी वंदन योजना से वंचित है। वंचित महिलाओं को जोडने के लिए लगातार कार्यक्रम मण्डलों में किये जा रहे है। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी ने बताया कि आज हरदीबाजार नगर मंडल के नोनबिर्रा में कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम में विधायक प्रेमचंद पटेल, वरिष्ठ नेता ज्योतिनंद दुबे, चुलेश्वर राठौर, नरेश टंडन आदि लोग उपस्थित थे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### राजनांदगांव में पूर्व सभापति के फार्म हाऊस में बारूदी विस्फोट, मजदूर के चिथड़े उड़े, जांच में जुटी पुलिस

**राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव स्थित एक फार्महाउस में बारूदी विस्फोट से मजदूर के चिथड़े उड़ गए। ग्राम जमसरार में बोर के समीप बारूद में ब्लास्टिंग होने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 11 बजे की आसपास की है। मिली जानकारी के अनुसार जिला पंचायत के पूर्व सभापति संतोष वैष्णव के जामसरार (डोंगरगांव) स्थित फार्म हाऊस में बोर के पास जोरदार विस्फोट हुआ। फार्म हाऊस में काम करने वाला मजदूर सुबह बोर चालू करने गया तो जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके बाद हड़कंप मच गया। विस्फोट की गूंज दूर तक सुनाई दी। बोर का तार बारूद से जुड़ा हुआ था। यहां बारूद कहा से आया यह स्पष्ट नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### सीबीआई का डर दिखा महिला डॉक्टर से 5.47 लाख की ठगी

**कोरबा।** कोरबा में सीबीआई का डर दिखाकर अज्ञात व्यक्ति ने महिला डॉक्टर को सीबीआई




का डर दिखा कर से 5.47 लाख की ठगी कर ली। महिला डॉक्टर ने सिविल लाइन थाना रामपुर में मामले की शिकायत दर्ज कराई। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खरमोरा क्षेत्र का है। यहां निवासरत छाया गौतम मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुमन पोया ने बताया कि किसी पार्सल को मलेशिया ब्राउन शुगर भेजने के नाम से अज्ञात व्यक्ति ने डॉक्टर गौतम को फोन किया। उसमें कई तरह की बातें करने के साथ धमकी दी, फिर दिल्ली आने को कहा गया। पुलिस और सीबीआई का डर दिखाकर धोखाधड़ी की गई। ब्लैकमेल और ठगी करने वाले ने छाया गौतम को वीडियो कॉल करने के साथ यह भी बताया था कि इतना सब कुछ करने के बाद उनके खाते को लीगलाइज कर दिया जाएगा। रुपए वापस कर दिए जाएंगे। शिकायत पर पुलिस ने धारा 419, 420, 384, 468 और 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने सिम नंबर 9852758177 के धारक के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही मामला पुलिस की जानकारी में आने पर खाते को होल्ड कराया गया है।

# सनकी पति ने कर दी पत्नी की हत्या चरित्र पर था संदेह, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा के दीपिका थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल**

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक सनकी शख्स ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। शख्स को अपनी पत्नी के चरित्र पर शक था और आए दिन इसे लेकर दोनों के बीच विवाद भी होता था। रविवार शाम को शराब के नशे में उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोरबा जिले के दीपिका थाने क्षेत्र का है।



मिली जानकारी के अनुसार फूलसाय (50) दीपिका की निजी कम्पनी में इलेक्ट्रीशियन के पद पर काम करता है। वह अपनी पत्नी ग्लोरिया बाई (48) व बच्चों के साथ पास की बस्ती में वह किराए के मकान में पिछले कई साल से रह रहा है। फूलसाय के 2 बेटे और 2 बेटियां हैं। 18 साल के अर्पित और आयुष और छोटी बहन साथ रहती है। वहीं बड़ी बहन बिलासपुर में काम करती है। रविवार को दोनों बेटे पास के मैदान में दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने चले गए। शाम 4 से 5 बजे के बीच फूलसाय शराब के नशे में घर पहुंचा।

इस दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ और उसने कुदाल उठाया और अपनी पत्नी ग्लोरिया बाई पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। पत्नी ने जब चीख-पुकार मचाई तो वह भाग निकला। आसपास के लोग एकत्रित हुए और इसकी सूचना डायल 112 को दी। इसके बाद बच्चों को सूचना मिली तो वे भी पहुंचे तो उनकी मां का शव खून से लथपथ पड़ा था। इसके बाद आनन फानन में उसे दीपिका अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इसके बाद दीपिका थाना प्रभारी युवराज तिवारी भी अस्पताल पहुंचे। इसके बाद आरोपी की पति की तलाश शुरू की गई। जल्द ही आरोपी फूलसाय को राजीव नगर बस्ती से गिरफ्तार कर लिया गया।

### आरोपी ने कहा - कोई पचतावा नहीं

आरोपी फूलसाय ने गिरफ्तारी के बाद पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसे कोई पचतावा नहीं है। फूलसाय ने कहा कि उसकी पत्नी कई मर्दों के साथ घूमती थी और इसके लिए उसने कई दफे मना भी किया। कभी उसकी पत्नी ने उसकी बात नहीं मानी। इस बात को लेकर दोनों में कई बार विवाद भी हुआ। रविवार को भी इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और गुस्से में उसने कुदाली से वार कर दिया। आरोपी ने कहा कि मुझे कोई पश्चाताप नहीं है, पाप का अंत किया हूं। पुलिस ने आरोपी फूलसाय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# अधेड़ को मारकर झाड़ियों के बीच गड्ढे में फेंकी लाश



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** बिलासपुर में अरपा नदी के किनारे झाड़ियों के बीच गड्?ढे में अधेड़ की लाश मिली है। उसके शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं, जिससे उसकी हत्या कर शव को ठिकाने लगाने की आशंका है। घटना तोरवा थाना क्षेत्र के मानिकपुर की है।

रविवार की सुबह तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि गड्ढे में अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की पहचान करने की कोशिश की गई, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### पर्स और मोबाइल नंबर से पहचान करने की कोशिश

पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई की, तब पता चला कि पास ही एक पर्स पड़ा था। हालांकि, उसमें मृतक की पहचान करने के लिए कुछ नहीं मिला। वहीं पर कागज में मोबाइल नंबर भी मिला है, जिसके आधार पर पुलिस मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। फिलहाल, उसके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

**शरीर पर मिले जख्मों के निशान, हत्या की आशंका**

जांच के दौरान मृतक के शरीर पर जख्मों के निशान मिले हैं, जिससे उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने की आशंका है। मरने वाले की उम्र 45 से 50 साल के बीच बताई जा रही है। पुलिस ने पहचान के लिए उसकी तस्वीर आसपास के थानों में भेजी है। साथ ही गुम इंसानों की भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# चाइल्ड पोर्नोग्राफी केस में एक युवक गिरफ्तार

**दिल्ली NCRB की शिकायत पर बस्तर पुलिस ने की कार्रवाई**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में चाइल्ड पोर्नोग्राफी का एक मामला सामने आया है। बस्तर पुलिस ने जगदलपुर के आड़ावल के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 2 मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया गया है। मामला बोधघाट थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, दिल्ली NCRB से चाइल्ड पोर्नोग्राफी संबंधी वीडियो अपलोड करने के संबंध में शिकायत हुई थी। NCRB ने इसकी जांच के लिए बोधघाट थाना से शिकायत की थी, जिसके बाद SP शलभ सिन्हा के निर्देश पर बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम को मामले की जांच करने निर्देश दिए गए।




जांच में आड़ावल निवासी संभव घंटेला की संलिप्तता पाई गई, जिसके बाद आरोपी संभव घंटेला को पकड़ने के लिए पुलिस को आड़ावल भेजा गया। जहां उसे उसके घर से पकड़ा गया। इसके पास से 2 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि, आरोपी को पॉक्सो की धारा 14, 15 एवं आई. टी. एक्ट की धारा 67.B के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# हाईवे पर ट्रक में लूट करने वाले छह आरोपियों में 3 गिरफ्तार दो फरार, तलाश में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मुंगेली।** मुंगेली में नेशनल हाईवे के लुटेरों को पकड़ने में मिली मुंगेली पुलिस को बड़ी सफलता। छह आरोपी मिलकर लूट की घटना को दिए अंजाम। तत्काल एक आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया । पूछताछ के बाद 3 और आरोपी पकड़े गए। अभी भी दो आरोपी फरार हैं जिनकी पतासाजी पुलिस द्वारा किया जा रहा है।
पूरा मामला मुंगेली जिला के सरगांव थाना क्षेत्र में बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे स्थित बरमदेव ढाबा के पास की है। आरोपियों ने नेशनल हाईवे के किनारे में ट्रक को खड़ी कर सो रहे ट्रक ड्राइवर से मारपीट कर 3 हजार रुपये लूट लिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने बताया कि 25 अप्रेल भोर में लगभग 4 बजे प्रार्थी मुमताज खाँ ने सरगांव थाना पहुँचकर शिकायत दर्ज कराया कि कुछ लोंगो ने उनके साथ मारपीट कर लूटपाट किए हैं। तत्काल पुलिस सक्रिय हो गयी और घेराबंदी कर बिना नंबर के पल्सर मोटरसाइकिल से भाग रहे एक आरोपी रतनपुर निवासी जयप्रकाश प्रधान को पकड़ने में सफलता भी मिल गया। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर 3 और




आरोपी रोशन निर्मलकर, संजू दुबे और आलोक देवांगन आज पकड़े गए हैं। जिनके पास से दो डुप्लीकेट पिस्टल व चाकू व कुछ नगद पैसे बरामद किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने बताया कि आरोपी आलोक देवांगन व रोशन निर्मलकर के खिलाफथाना रतनपुर में 5-6 मामले पूर्व से दर्ज हैं । ये दोनों आरोपी आदतन बदमाश हैं । इन सभी आरोपियों के खिलाफ लूट व आर्म एक्ट की धारा के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कराया गया है। शेष दो आरोपियों की तलाश पुलिस द्वारा किया जा रहा है।

# बालोद में चल रहे गुपचुप प्रार्थना सभा को बजरंगियों ने रुकवाई

**पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ा**

**बालोद (ए.)।** मुखबिर के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई थी कि बालोद के अटल आवास के एक घर के अंदर सभा चल रहा है। तत्काल बजरंगी अटल आवास पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में प्रार्थना सभा बंद करवाया।

बालोद शहर के कुंदरू पारा अटल आवास में लंबे समय से अंदर खाने चल रहे धार्मिक संदिग्ध गतिविधियों को लेकर रविवार सुबह विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारी अटल निवास में पहुंचे व एक घर के अंदर सामूहिक प्रार्थना सभा को बंद कराया। मौके पर उपस्थित बालीद पुलिस के अधिकारी धरम भुआर्य व अन्य सिपाहियों ने घर के अंदर प्रार्थना कर रहे लोगो को बाहर निकलने को कहा व चेतावनी दी कि आगे इस प्रकार से धार्मिक संदिग्ध कार्यक्रम न करें। प्रार्थना करना हो तो अपने धार्मिक स्थलों में जाकर करे। जिससे किसी की भी इस प्रकार का संदेह न रहे।

विहिप के जिला मंत्री राजेश सोली व उमेश सेन ने अवैध प्रार्थना सभा चलाये जाने को लेकर पहले पुलिस को सूचना दी व मौके पर उपस्थित रहकर प्रार्थना सभा को बंद करवाने का काम किया। अटल आवास, कुंदरु पारा, सिवनी, पाररास सहित अन्य कई स्थार्ना पर कुछ लोग गैरकानूनी धार्मिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए है। व पूर्व में भी ऐसे लोगों को समझा कर छोड़ दिया गया है। कानूनी कार्यवाही नहीं होने से ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ रहा है। जिला मंत्री राज सोनी, उमेश सेन व मोनू सोनवानी लोकेश साहू ने ऐसे मामलों पर कहा कि बालोद जिला में धार्मिक संदिग्ध गतिविधियों पर रोक लगाने हमारे सूचना तंत्र मजबूत हैं और बजरंग दल तैयार है। हम लगातार ऐसे कार्यों पर निगरानी रखे हुए है। आगे भी ऐसे लोगों व कार्यक्रम पर रोक लगाया जाएगा।

# तीन सटोरिए गिरफ्तार, छावनी पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से सट्टा कारोबार में लिप्त तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार सटारियों में अजरूद्दीन उर्फ टिड्डा (26), उत्तम सिंह (24) व राहुल घोरे (26) शामिल हैं। पुलिस ने इनके कब्जे



से 8 हजार रुपए कैश, मोबाइल फोन व सट्टापट्टी बरामद किया है।

बता दें पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा अवैध सट्टा के विरुद्ध कार्रवाई के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में थाना प्रभारी छावनी उप निरीक्षक चेतन सिंह चन्द्राकर के नेतृत्व में छावनी पुलिस द्वारा रविवार तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर सूचना मिली कि केसरी लाज के सामने पावर हाऊस भिलाई मे अजरूद्दीन उर्फटिड्डा, उत्तम सिंह एवं राहुल घोरे नामक वयक्ति के द्वारा अवैध रूप से आन लाईन सट्टा खिला रहा है। सूचना मिलने पर उक्त स्थान पर घेरा बंदी कर तीनों को पकड़ा गया। तीनो आरोपियो के विरुद्ध आन लाईन सट्टा की धारा 7 के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय दुर्ग मे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस पूरी कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रामनारायण यदु, आनंद तिवारी, आरक्षक संजय सोनी, आकाश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह चौहान की सराहनीय भूमिका रही ।

### ट्रक ने चपेट में लिया, एक युवक की मौत, तीन गंभीर

**रायगढ़।** लारीपानी प्रतीक्षालय के पास रविवार की सुबह घरघोड़ा की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो युवक गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए लैलूंगा अस्पताल में भर्ती किया गया है। गजेन्द्र राठिया, बनमाली राठिया, आनंद राठिया बाइक में शनिवार को मैनीपुर गए थे। वहां से रविवार की सुबह वापस गांव लौट रहे थे। सुबह करीब साढ़े 6 बजे लारीपानी के आगे केनापारा तिराहा प्रतीक्षालय के पास पहुंचे थे कि घरघोड़ा की ओर से आ रहे ट्रक के चालक ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई।

### कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 4 घायल

**दुर्ग।** जिले के कुम्हारी फ्लाई ओवर ब्रिज में नशे में धुत एक कार चालक ने तेज रफ्तार में सामने जा रहे एक ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। इससे रिक्शा में सवार तीन महिलाओं सहित एक बुजुर्ग को चोटें आई है। पूरा मामला कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। कुम्हारी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ई-रिक्शा चालक रविवार रात 3 महिलाओं को लेकर कुम्हारी से भिलाई की तरफआ रहा था। इसी दौरान एक कार सीजी 08 एएस 3921 का चालक तेज रफ्तार में आया और ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। इससे रिक्शा उछलकर पलट गया। हादसे में एक बुजुर्ग का पैर टूट गया है, तो वहीं तीनों महिलाओं को काफी चोटें आई हैं।

# सलातोंग इलाके में डीआरजी जवानों और नक्सलियों में मुठभेड़

**एक नक्सली मारा गया**



श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** जिले के सलातोंग इलाके में डीआरजी जवानों और नक्सलियों में मुठभेड़ चल रही है। इस दौरान दोनों ओर से लगातार गोलीबारी जारी है। मुठभेड़ के दौरान एक नक्सली मारा गया। नक्सली का शव बरामद होने की सूचना मिली है। इस दौरान कुछ नक्सलियों को भी गोली लगने की जानकारी मिली है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार डीआरजी के जवान इलाके में सर्चिंग पर निकले थे। इसी दौरान उनकी जवानों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ के दौरान कुछ नक्सलियों को गोली लगने की खबर है। मौके से नक्सली का शव मिलने की खबर भी है। पता चला है कि लगातार मुठभेड़ के दौरान अभी भी इलाके में जवान मौजूद हैं। वहीं दूसरी ओर इलाके में नक्सलियों की ओर से भी गोलीबारी की जा रही है। नक्सलियों की गोलीबारी का डीआरजी के जवान मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। एसपी किरण चव्हाण ने इस मुठभेड़ की पुष्टि है।

सुकमा जिले के थाना किस्टाराम क्षेत्र अंतर्गत पेसेलपाड़ व आसपास के जंगल में किस्टाराम एरिया कमेटी के माओवादिओं की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं 208 वाहिनी कोबरा की संयुक्त पार्टी ऑपरेशन पर रवाना हुई थी। सुबह लगभग 07:00 बजे पुलिस एवं नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद घटना स्थल की गहन सर्चिंग करने पर हथियार सहित एक नक्सली का शव एवं अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई। मृत नक्सली के शव की शिनाख्तगी की जा रही है।

**फुल्लोड़ व जैगुर के जंगल से सर्चिंग, तीन नक्सली गिरफ्तार, कब्जे से बैनर पोस्टर भी बरामद**

**बीजापुर।** जिले के जांगला थाना क्षेत्र के फुल्लोड़ व जैगुर के जंगल से सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबल के जवानों ने तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया हैं। उनके कब्जे से बैनर पोस्टर बरामद किया गया हैं।



पुलिस के मुताबिक जिले में चलाये जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के लिए जांगला थाना से डीआरजी व थाना जांगला की टीम माटवाड़ा, फुल्लोड़ व जैगुर की ओर गस्त सर्चिंग पर निकली हुई थी। अभियान के दौरान फुल्लोड़ जैगुर के मध्य जंगल से तीन संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे थे। जिन्हें सुरक्षाबल के जवानों ने घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए नक्सलियों में बोटी पोडियाम उर्फ कोंदा पिता हिड़मा पोडियाम उम्र 25 निवासी डोडुम, सोनकु पादम उर्फबुरका पिता मासों पादम उम्र 29 निवासी डोडुम, रामनाथ कश्यप पिता मोगडू कश्यप उम्र 28 निवासी माझीपारा फुल्लोड शामिल हैं। इनके कब्जे से बैनर पोस्टर बरामद किया गया है। पकड़े गये नक्सलियों के विरुद्ध जांगला थाना में वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय बीजापुर में समक्ष पेश किया गया है।
















## खास - खबर

### सर्व ब्राह्मण समाज सेक्टर-6 में मनाएगा परशुराम जयंती



**भिलाई।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर-6 में हुई, जिसकी अध्यक्षता नवनियुक्त अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी ने की। बैठक में जानकारी दी गई कि इस वर्ष भगवान परशुराम का जयंती समारोह 10 मई को धूमधाम के साथ सेक्टर 6 जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा। सुबह 9 बजे से विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन यज्ञ किया जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में भोग भंडारा आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी ने इस अवसर पर समाज के सदस्यों को परिवार सहित उपस्थित रहने की अपील की है। राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने कहा कि संगठन सभी ब्राह्मणजनों को जोड़ने का निरंतर कार्य कर रहा है। बैठक में 7 मई को दुर्ग जिले मे होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। सदस्यों को शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई। बैठक में अरविंद पांडे, सीपी शर्मा, अरविंद तिवारी, प्रदीप भट्टाचार्य, राधाकांत पांडेय, अरुण पंडा, नरेश चौरे, ज्योति शर्मा, स्वीटी कौशिक, अनुपमा शुक्ला, प्रमिला दुबे, श्रीनिवास मिश्रा, रमेश शर्मा, केडी पांडे, सर्वेश तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता के होर्डिंग और एडवरटाइजिंग के लिए बनी सहमति

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत विगत 27 अप्रैल को मतदाता जागरूकता के होर्डिंग के लिए नगर निगम और एडवरटाइजिंग एजेंसी के साथ बैठक ली गई जिसमें नगर निगम एण्ड एडवरटाइजिंग एजेंसीज ने 1 मई से 7 मई तक मतदान अपील के होर्डिंग्स लगाने की सहमति दी। साथ ही दोनों के द्वारा सहमति दी गई कि जिन संस्थानों द्वारा मतदान के पश्चात डिस्काउंट दिया जा रहा है। उन्हें उक्त अवधि के लिए मांग पर फ्री में एडवरटाइजिंग स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा।

### आईटीआई दुर्ग में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**दुर्ग।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग में 30 अप्रैल को प्रतिष्ठान आईटीसी ग्रुप द्वारा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन रखा गया है। संस्था में सभी संचालित व्यवसाय के लिए बीते 5 वर्ष के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी (फिमेल) की आवश्यकता है। इसमें हिस्सा लेने के लिए अभ्यर्थी सुबह 10 बजे से अपना पंजीयन करवा सकते हैं। अभ्यर्थी अपने साथ अपना बायोडाटा व सभी दस्तावेजों की सत्यापित प्रति और 1 फोटो अवश्य साथ में लाना होगा।

# दुर्ग पुलिस ने निकाली बाइक रैली, 100 फीसदी मतदान का संकल्प लेकर शहर में घूमे अफसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। लोकसभा चुनाव में 100 फीसदी मतदान को लेकर रविवार को जिला पुलिस व प्रशासनिक अफसरों ने बाइक रैली निकाली। रैली के माध्यम से अफसरों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया। मतदान हमारा अधिकार और सभी करें मतदान का संदेश लेकर दुर्ग से भिलाई तक बाइक में घूमें। आईजी रामगोपाल गर्ग ने लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए शपथ भी दिलाई। रैली में दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला भी शामिल हुए।**



बता दें दुर्ग में 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में अपने मत का प्रयोग करते व वोट डालने जागरूक करने के लिए हेलमेट बाईक रैली का आयोजन जिला प्रशासन दुर्ग एवं पुलिस विभाग दुर्ग द्वारा किया गया। बाईक रैली को परिवार चौक से आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी व सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय संजय शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बाईक रैली परिवार चौक से सेक्टर 9, 32 बंगला तिराहा, वाई सेप ब्रिज, मालवीनगर चौक, राजेन्द्र पार्क चौक, उतई तिराहा, साई द्वार, जेल तिराहा, एमडी बंगला, पंथी चौक, डीपीएस चौक, मिराज तिराहा, सिविक सेन्टर होते वापस परिवार चौक पर समाप्त हुआ। आईजी रामगोपाल गर्ग ने द्वितीय चरण में हुए राजनांदगांव एवं कांकेर के चुनाव में मतो का प्रतिशत बढे होने पर दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में इसी प्रकार मत प्रतिशत बढाने मतदाताओं से अपने मत का प्रयोग करते हुए अधिक अधिक संख्या में चुनाव शामिल होने आग्रह किया गया।

### 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें: कलेक्टर

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि तृतीय चरण के लोकसभा चुनाव में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के मतदाता अधिक से अधिक अपने मतो का प्रयोग करे और जिला प्रशासन के 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग करें। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव सबसे बडा पर्व है लोगो अपनी जिम्मेदारी के साथ देश की जिम्मेदारी को समझते हुए वे मतदान करे और दूसरो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक संख्या में मतों का प्रतिशत बढ़े।

### मत देना एक मतदाता का अधिकार है : संजय शर्मा

सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय संजय शर्मा रायपुर द्वारा मत देना एक मतदाता का अधिकार है देशहित में उन्हे मत अवश्य देना चाहिए। इसी प्रकार सडक पर दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करना उनकी जिम्मेदारी है, ताकि वें स्वयं सुरक्षित रह सके। विगत वर्ष 2023 में छत्तीसगढ में लगभग 6 हजार सडक हादसों में 4 हजार दो पहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई है। इनमें से अधिकांश बिना हेलमेट की वजह से हुए हैं। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करता है तो सडक दुर्घटना में होने वाली मौत को 40 प्रतिशत को कम किया जा सकता है। आज के इस बाईक रैली में जिला प्रशासन दुर्ग एवं पुलिस विभाग दुर्ग के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी के साथ यंग इंडिया सामाजिक संस्थान, छत्रपति शिवाजी कॉलेज के छात्र, ट्राफिक वार्डन, एवं आम नागरिक शामिल हुए।

## 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत आज जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 85 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने मतदान दल उनके घर पहुंचे। दल के सदस्यों ने मतदान की पूरी प्रक्रिया सम्पादित करते हुए मतदान कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के 59 मतदाता में से 57 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किये।

बचे 2 मतदाता को 30 अप्रैल को मतदान हेतु अवसर दिया जाएगा। दिव्यांग महिला मतदाता ज्ञानेश्वरी साहू ने अपने सहयोगी के माध्यम से मतदान किया। वही 85 प्लस के.एस.एल. सोरी, घनश्याम सिंग महालवार, विवेक सोनी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किये। उन्होंने निर्वाचन आयोग के घर बैठे वोटिंग की सुविधा की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किये कि यदि यह सुविधा



उपलब्ध नहीं होती तो हम मतदान से वंचित हो जाते। उन्होंने मतदान के तय तिथि से पहले ही वोटिंग करने पर अपने खुशी का इजहार करते हुए शासन-प्रशासन सहित मतदान दल के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किये। 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए आज प्रथम गृह दौरा था। छूटे मतदाता के लिए 30 अप्रैल 2024 को दल का द्वितीय गृह दौरा होगा।

## 200 से ज्यादा लोगों ने थामा भाजपा का दामन, पूर्व गृहमंत्री के प्रतिनिधि सहित कई लोग हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एक ओर लोकसभा चुनाव का प्रचार प्रसार जोरों पर है और दूसरी ओर कांग्रेस को झटके पर झटका लग रहा है। इसी कड़ी में रविवार सुबह पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रतिनिधि रामेश्वर वर्मा और पूर्व पार्षद सुलेखा यादव सहित 200 लोगों ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा है। सांसद व दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी विजय बघेल ने सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

रविवार को सांसद विजय बघेल के निवास पर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव और पूर्व गृहमंत्री व सांसद रह चुके ताम्रध्वज साहू के सांसद प्रतिनिधि रहे रामेश्वर शर्मा ने अपने सौ से ज्यादा साथियों के साथ भाजपा में प्रवेश किया। इसी प्रकार खुर्सीपार की पूर्व पार्षद सुलेखा यादव ने भी अपने वार्ड के डेढ़ सौ से ज्यादा लोगों ने साथ कांग्रेस को टाटा बाय बाय बोलकर भाजपा में प्रवेश किया। भाजपा प्रवेश



करने वाले कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी में उन्हें घुटन महसूस हो रही थी इस वजह से इन सभी ने भाजपा प्रवेश किया। इस मौके पर सांसद बघेल ने सभी का अभिनंदन किया। विजय बघेल ने कहा कि कांग्रेस का ना कोई विजन और ना कोई मिशन है। वो केवल परिवारवाद और भ्रष्टाचार के बारे में सोचती है। कांग्रेस में जो अच्छी सोच रखते हुए देश के लिए कुछ करना चाहते हैं वे सब भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

# डाक मतपत्र से मतदान प्रारंभ हुआ

**निर्वाचन कार्यों से ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस बल ने आज डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 7 मई को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-07 में मतदान संपन्न होना है। दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने विधानसभावार सुविधा केन्द्र अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाता हेतु पोस्टल वोटिंग सेन्टर बीआईटी कॉलेज दुर्ग के साईंस ब्लाक में स्थापित किया गया है।

साथ ही समस्त विधानसभा (पुलिस बल) के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में सुरक्षा हेतु ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी सुविधा केन्द्र




बनाया गया है। आज बड़े उत्साह से अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने विधानसभावार सुविधा केन्द्र अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाता पोस्टल वोटिंग सेन्टर बीआईटी कॉलेज दुर्ग पहुंचे और अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए डाक मतपत्र से मतदान किया।

अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन ने बी.आई.टी. कालेज में चल रहे प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदान दलों के अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया।

निर्वाचन में मतदान दायित्व को सहज एवं सरल तरीके से सम्पादित करने हेतु बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। इस दौरान मतदान संबंधी प्रत्येक पहलुओं की जानकारी लेने के साथ ही ईव्हीएम हेंडआन करना, मतदान आरंभ करने के पूर्व की तैयारी, माकपोल सहित शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने सहित सभी प्रपत्रों को इत्यादि का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करें।

## सरस भक्त सम्मेलन संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सरस अथवा सारदा रामकृष्ण संघ की स्थापना दिवस की 10वीं वार्षिक उत्सव गत दिवस भिलाई स्थित कल्याण महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में बिलासपुर रामकृष्ण आश्रम के सचिव श्रीमद् स्वामी सेवाव्रतानंद जी महाराज एवं स्वामी जनार्दनानंद जी महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराज द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के मूर्ति में माल्यार्पण , दीप प्रज्वलन तथा त्रिदेव को पुष्पांजलि प्रदान पूर्वक किया गया।

प्रारंभिक अधिवेशन में वैदिक मंत्र उच्चारण ,भजन तथा श्री रामकृष्णदेव के अष्टोत्तर शत् नाम सम्मिलित रूप से उच्चारण किया गया एवं स्वामी जी द्वारा ध्यान कराया गया। तत्पश्चात सम्मिलित रूप में भगवत गीता का पाठ किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय अधिवेशन में उपस्थित श्रीमद् स्वामी सेवाव्रतानंद जी द्वारा सांसारिक जीवन में चार योग का समन्वय करते हुए आध्यात्मिक उन्नति कैसे करें इस विषय पर प्रवचन व चर्चा प्रस्तुत किया गया। संसार के कर्तव्य का पालन करते हुए भक्ति मार्ग पर किस प्रकार से चला जाए इस विषय पर श्रद्धेय महाराज ने कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सभी कार्य को ठाकुर का कार्य समझकर करना ही ज्ञानयोग कर्मयोग राजयोग भक्तियोग का समन्वय है । हमें हर कार्य को ठाकुर के चरणों में समर्पित करना चाहिए, ठाकुर भाव स्वरूप है। अतः कार्य भावपूर्ण होकर करें।

# वैशालीनगर विधानसभा में मतदाताओं की सुविधा का रखा जायेगा विशेष ध्यान

**ईसीआई प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण एवं मौक़े पर ही अधिकारियों को दिए आवश्यक व्यवस्था के निर्देश**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशालीनगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान की अब तक की तैयारियों का जायजा लिया गया।**

प्रेक्षक द्वारा 07 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर, 14 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाउसिंग बोर्ड छावनी, 03 मतदान केंद्र वाले नालंदा इंग्लिश मीडियम स्कूल कुरुद, 07 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जुनवानी का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया




गया। इन मतदान केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर से प्रत्येक मतदान में कुल मतदाताओं की जानकारी लिया जाकर उनसे मतदाता सूचना पर्ची की स्थिति की जानकारी लिया गया।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग लोकसभा चुनाव हेतु नियत मतदान तिथि 07 मई 2024 के पूर्व भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी एवं एआरओ वैशाली नगर हरवंश सिंह मिरी के निर्देशन में बूथ लेवल आफिसर के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। प्रेक्षक द्वारा बूथ लेवल ऑफिसर को मतदाता पर्ची वितरण की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए पंचराम सलामे तहसीलदार धमधा एवं एईआरओ 66 वैशाली नगर को 02 दिवस के भीतर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

साथ ही मौक़े पर नगर पालिक निगम भिलाई के जोन कमिश्नर येशा देशलहरे, अमिताभ शर्मा को मतदान दल के रात्रि विश्राम के लिए सम्पूर्ण आवश्यक व्यवस्था एवं मतदान दिवस को मतदाताओं की सुविधा के लिए शुद्ध पेयजल, छाया, क्यू मैनेजमेंट, अधिक संख्या वाले मतदान केंद्र वाले भवनों में स्थित मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए दिशा सूचक फ्लेक्स आदि की सम्पूर्ण व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया।

## ईश्वर भक्ति के लिए उम्र का बंधन नहीः स्वामी निरंजन महराज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जब हम संसार की उपलब्धि को ही जीवन का सुख मानना शुरू कर देते हैं हमारे जीवन में भटकाव का मार्ग खुल जाता है । हम सबके अंदर भी दो रानी है, सुरुचि और सुनिति। संसार के तरफ मन को ले जाने वाली सुरुचि और ईश्वरीय सत्ता के तरफ ले जाने वाली सुनिति। संतों ने मन की तुलना मक्खी से किया है।भगवत भक्ति के लिए अवस्था की कहीं कोई बंधन नही है। भगवान सरल हैं,हम अपनी बुद्धि लगाकर कठिन बना लेते हैं। ईश्वर व्यापक है,सबसे परे भी हैं और सबके अंदर भी हैं जरूरत है उसे अनुभूति करने का। जितने भी पूजा के प्रकार है,साधना,जप ,तप,ध्यान, योग ,यज्ञ सबका लक्ष्य एक है और वह है मनो विग्रह।

ग्राम बोरई में दीपक यादव परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से चल रहे भागवत कथा यज्ञ सप्ताह में भगवताचार्य स्वामी निरंजन महराज लिखता आश्रम ने



ध्रुव चरित्र कथा भाव संदर्भ में उक्त बातें कही। प्रारब्ध,पुरषार्थ,माता पिता का आशीर्वाद,सदगुरु की कृपा के बिना भगवान् का कृपा प्राप्त होने वाला नही है। दृढ़ संकल्प,अखंड विश्वास कठिन पराक्रम से बालक ध्रुव ने अटल पद को पा लिया। शुभ संकल्प मनोबल और पुरषार्थ से भरे मनुष्य के जीवन में निराशा की परछाई भी नही आ सकता। चरैवेति,चरैवेति विधि का सूत्र है। सुख दु:ख,जय पराजय,लाभ हानि,जीवन मरन,का नाम संसार है। सरल बनकर ईश्वर भक्ति के साथ चलते रहो तो जीव का कल्याण होगा।

जो सब में भगवान् का दर्शन करता है, वह प्रहलाद के चरित्र को धारण करता है। जिसका मन भगवान् के चरणों में रत है वो जगत को राममयी देखते हैं अत:वो कहीं पर भी किसी का विरोध नही करते,जैसे प्रहलाद ने किसी को बैर भाव नही ईश्वर भाव से देखा। उस पिता के लिए भी भगवान् का आश्रय मांग लिया जो उनके प्राण पिपासु था। लज्जा तो हमें तब होती है जब इसी प्रहलाद की धरती में आज वृद्धाश्रम की जरूरत पड़ने लग गयी है। कथा सुनने का नही गुनने का विषय है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950